अनमोल विचार

विजयी व्यक्ति स्वभाव से, बहिर्मुखी होता है। पराजय व्यक्ति को अन्तर्मुखी बनाती है।

▶▶ प्रेमचंद

# विजय मत

राष्ट्र को समर्पित

मप्र और छत्तीसगढ़ से एक साथ प्रकाशित

www.vijaymat.com | भोपाल, बुधवार 27 नवंबर 2024 | वर्ष- 09 | अंक- 340 | पेज-08 | मूल्य- ₹ 5.00/-


लंदन में सीएम मोहन ने रोड-शो में उद्योगपतियों के इंटरैक्टिव सेशन को किया संबोधित, कहा-

# मप्र में खुलकर निवेश करें, आपका स्वागत है

**विजय मत, भोपाल**

दुनिया भर के उद्योगपतियों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए फरवरी-2025 को भोपाल में हो रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आमंत्रित करने के अभियान पर निकले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को यूके (लंदन) के रोड-शो में उद्योगपतियों के इंटरैक्टिव सेशन को संबोधित किया। डॉ. यादव ने देश भर में औद्योगिक विकास में आई तेजी के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डायनामिक व्यक्तित्व की सराहना की। उन्होंने आमंत्रित उद्योगपतियों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए बताया कि प्रदेश का लैंड बैंक देश के सबसे बड़े लैंड बैंक्स में से एक है। मध्यप्रदेश में निवेश नीतियां स्पष्ट और निवेशकों के लिए अनुकूल हैं। माइनिंग एवं कृषि क्षेत्र में मध्यप्रदेश देश में सबसे आगे है।

यूके की राजधानी लंदन में उद्योगपतियों के साथ इंटरैक्टिव सेशन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आपदाओं के बाद भी भारत और यूके के संबंधों में निरंतरता है क्योंकि लोकतंत्र की हमारी साझी विरासत है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारत में राजनीतिक स्थिरता और तेज विकास के लिए प्रधानमंत्री मोदी के चमत्कारी व्यक्तित्व को आधार बताया।



विजय मत, भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने यूके (लंदन) में निवेशकों और उद्योगपतियों से ब्रेकफास्ट मीटिंग में निवेश संबंधी चर्चा की।

### भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है

कार्यक्रम को लंदन के पूर्व डिप्टी मेयर राजेश अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत और मध्यप्रदेश का विकास होने से कोई नहीं रोक सकता। भारत लंदन में सबसे बड़ा निवेशक है, भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। श्री अग्रवाल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को उनकी यात्रा सफल और उद्देश्यपूर्ण हो इसके लिए शुभकामनाएं दीं। फ्रेंड्स ऑफ एमपी के संस्थापक सदस्य तथा एनआरआई श्री मनीष तिवारी ने कहा कि मध्यप्रदेश में केवल वहीं के लोग नहीं बसते, बल्कि एमपी एक छोटा भारत है। उन्होंने कहा कि लंदन में मध्यप्रदेश के लोगों को संगठित करने के उद्देश्य से ही फ्रेंडस ऑफ एमपी का गठन किया। श्री तिवारी ने भोपाल, जबलपुर, कान्हा-किसली सहित प्रदेश के प्राकृतिक सौंदर्यी से परिपूर्ण पर्यटन स्थलों की प्रशंसा की।

### पीएम मोदी की नेतृत्व क्षमता को दुनिया ने स्वीकारा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के विजन और उनकी नेतृत्व क्षमता ने विश्व में भारत की साख को स्थापित किया है। दुनिया के देशों में प्रधानमंत्री श्री मोदी की नेतृत्व क्षमता की स्वीकार्यता ने भारत और भारतवासियों का गर्व और मान विश्व में बढ़ाया है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत को प्राप्त श्री मोदी के सशक्त और समर्थ नेतृत्व से भारतवासी स्वयं को सौभाग्यशाली मानते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का भी स्मरण किया।

## भारत की एकजुटता को बनाए रखने में बाबा साहेब अंबेडकर का योगदान महत्वपूर्ण : मुख्यमंत्री

### बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संविधान दिवस पर लंदन स्थित डॉ. बी.आर. अंबेडकर हाउस में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव यहाँ भारतीय संविधान की प्रति लेकर पहुंचे और उनके साथ प्रवास पर गए दल के सदस्यों के साथ संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विजिटर्स बुक में अपने विचार अंकित किए तथा संग्रहालय का अवलोकन भी किया। उल्लेखनीय है कि डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने अध्ययन के लिए लंदन आने पर इस भवन में वर्ष 1921-1922 में निवास किया था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत यदि आज एकजुट है, तो इसमें बड़ा योगदान श्रद्धेय बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का है, जिन्होंने समय रहते उस बीमारी को पहचाना, जिसके कारण समाज में फूट या अलगाव उत्पन्न होने की संभावना थी। विभिन्न कठिनाइयों के बावजूद, व्यक्ति अपनी क्षमता और योग्यता के बल पर कैसे आगे बढ़ सकता है, डॉ. अंबेडकर इसके सर्वश्रेष्ठ उदाहरण हैं। उन्होंने जातिगत भिन्नता और विषमता से उत्पन्न होने वाली चुनौतियों को भांपकर देश की एकजुटता बनाए रखने के प्रयास किए।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव बहुत विनम्र एवं मिलनसार हैं: लॉर्ड रमिन्दर रेंजर

### मुख्यमंत्री यादव ने ब्रिटिश सांसदों से मुलाकात कर किया मप्र आमंत्रित

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की यूके यात्रा में ब्रिटिश सांसदों से हुई मुलाकात में उम्मीदों से अधिक प्रतिसाद मिल रहा है। सांसदों ने मध्यप्रदेश को एक उभरता हुआ राज्य बताते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव के व्यक्तित्व, विनम्रता और मिलनसारिता की मुक्त कँठ से सराहना की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फरवरी-2025 में भोपाल में आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में ब्रिटिश सांसदों, निवेशकों और भारतवंशियों को आमंत्रित किया है। ब्रिटेन के हाउस ऑफ लॉर्ड के सदस्य लॉर्ड रमिन्दर रेंजर ने कहा कि भारत जैसे देश के बड़े राज्य के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की विनम्रता और मिलनसारिता ने हमें अत्यधिक प्रभावित किया है। उन्होंने हमें मध्यप्रदेश में मौजूद निवेश के अवसरों के बारे में बताया। हमनें मुख्यमंत्री डॉ. यादव से कहा कि वे जिस प्रोजेक्ट के बारे में कहेंगे, हम उसमें निवेश करेंगे। वर्तमान समय में यूरोप और यूएसए की ग्रोथ की अपेक्षा भारत में 8 प्रतिशत से ज्यादा की ग्रोथ मौजूद है। भारत में इन्वेस्ट किया गया धन सेफ है, क्योंकि भारत एक लोकतांत्रित देश हैं यहाँ रूल ऑफ लॉ होने के साथ ही हॉर्ट ऑफ गवर्नेंस मौजूद है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ आयी प्रशासनिक टीम की भी सराहना की। ब्रिटेन के हाउस ऑफ लॉर्ड के एक अन्य सदस्य लॉर्ड कुलवीर रेंजर ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ हुई मुलाकात को शानदार बताया। उन्होंने कहा कि उन्हें भी मध्यप्रदेश के भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का बेसब्री से इंतजार है। मध्यप्रदेश को उन्होंने लंग्स ऑफ इण्डिया के रूप में और अधिक जानने-समझने की इच्छा जताई। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में नवकरणीय ऊर्जा, ईको सिस्टम, प्रौद्योगिकी, उच्च शिक्षा के साथ ही कृषि और स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बहुत अवसर उपलब्ध हैं। लॉर्ड कुलवीर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों से अवगत कराया और हमें यह जानकर बहुत अच्छा लगा कि मध्यप्रदेश एक उभरता हुआ स्टेट है।

## न्यूज इन शॉर्ट

### राज्यसभा की छह रिक्त सीटों के लिए उपचुनाव का एलान, 20 दिसंबर को मतदान चुनाव, इसी दिन नतीजे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के बाद अब राज्यसभा उपचुनावों का एलान कर दिया गया है। भारत निर्वाचन आयोग ने राज्यसभा की छह रिक्त सीटों के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इन सीटों पर 20 दिसंबर को चुनाव होंगे। नतीजे इसी दिन घोषित कर दिए जाएंगे। जिन सीटों पर चुनाव होने जा रहे हैं, उनमें से तीन सीटें आंध्र प्रदेश की हैं। इसके अलावा पश्चिम बंगाल, हरियाणा और ओडिशा की एक-एक सीट पर चुनाव कराए जा रहे हैं। सभी सीटें मौजूदा सांसदों के इस्तीफे के बाद खाली हुई थीं। चुनाव आयोग के मुताबिक, उपचुनाव से जुड़ी अधिसूचना 3 दिसंबर को जारी की जाएगी। नामांकन की आखिरी तारीख 10 दिसंबर तय की गई है।

### संभल हिंसा | किसी के शरीर में बुलेट नहीं मिली




**मुरादाबाद/संभल, एजेंसी।** संभल हिंसा में मरने वाले 4 युवकों को सीने में गोली लगी थी। पोस्टमॉर्टम में चारों के शरीर से कोई बुलेट रिकवर नहीं हुई है। गोली सीने को चीरते हुए पीठ से पार हो गई। बुलेट रिकवर नहीं होने की वजह से ये ठीक-ठीक कहना मुश्किल है कि मृतकों को लगी गोली किस बोर की गन से चली थी। कमिश्नर ऑन्जनेय सिंह ने सोमवार को दावा किया था कि हिंसा में मारे गए 4 युवकों को पुलिस की गोली नहीं लगी। देशी तमंचे की गोली से मौत हुई है। यह बात उन्होंने पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉक्टरों की रिपोर्ट के आधार पर कही। वहीं, परिजनों का आरोप है कि पुलिस की फायरिंग में जान गई है।

### छत्तीसगढ़ में रेल हादसा, मालगाड़ी के 20 डिब्बे पटरी से उतरे



**बिलासपुर, एजेंसी।** बिलासपुर-कटनी रेलखंड पर खोंगसरा और भनवारटंक स्टेशनों के बीच सुबह 11 बजकर 11 बजे मिनट में एक मालगाड़ी अप लाइन में पटरी से उतर गई। मालगाड़ी कोयले से भरी हुई थी। जो बिलासपुर से कटनी की ओर रवाना हुई थी। कोयले से भरी मालगाड़ी खोंगसरा और भनवारटंक स्टेशनों के बीच 20 डिब्बे पटरी से उतर गए। घटना की सूचना मिलने के बाद रेल विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची और मरम्मत कार्य शुरू कर दिया। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना के कारण इस मार्ग पर ट्रेन सेवा बाधित हो गई। कुछ यात्री गाड़ियों का रूट डायवर्ट कर गंतव्य के लिए रवाना किया गया। अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए बिलासपुर, रायगढ़, अनूपपुर, शहडोल, उसलापुर, दुर्ग, रायपुर और गोंदिया जैसे महत्वपूर्ण स्टेशनों पर सहायता केंद्र की स्थापना की गई है।

### बांग्लादेश में इस्कॉन धर्मगुरु की गिरफ्तारी से भारत नाराज, कहा- अपराधी खुलेआम घूम रहे, हक मांगने वाले जेल में



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में इस्कॉन के धर्मगुरु चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी पर भारत ने नाराजगी जाहिर की है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को जारी किए बयान में कहा कि चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी से हम चिंतित हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा- यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं, लेकिन शांतिपूर्ण सभाओं के जरिए से सही मांगे करने वाले धार्मिक नेता के खिलाफ मुकदमे चल रहे हैं। वहीं, चटगांव की मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट ने मंगलवार को इस्कॉन के धर्मगुरु चिन्मय कृष्ण दास की जमानत याचिका खारिज कर दी। चटगांव कोर्ट के बाहर पुलिस ने चिन्मय प्रभु के समर्थकों पर आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज किया। पुलिस ने प्रदर्शनाकारियों को भगाने के लिए रबड़ बुलेट्स का भी इस्तेमाल किया।

## पीएम जन-मन में मप्र को मिले 33 हजार 138 पीएम आवास

### 21 जिलों में पीवीटीजी परिवारों के लिये बनेंगे पक्के आवास

**विजय मत, भोपाल**

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा मध्यप्रदेश को प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जन-मन) में 33 हजार 138 आवास मंजूर किये गये हैं। पीएम जन-मन के तहत ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा विशेष रूप से कमजोर एवं पिछड़े जनजातीय समूह (पीवीटीजी) परिवारों के %पक्के घर% बनाये जा रहे हैं। मंत्रालय द्वारा प्रदेश के 21 जिलों में रहने वाले पीवीटीजी परिवारों को पक्के घर की सौगात देते हुए यह विशेष मंजूरी दी गई है। जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने मध्यप्रदेश को बड़ी संख्या में पीएम आवास मंजूर करने के लिये केन्द्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया है। मध्यप्रदेश को इन पीएम आवासों की 25 नवम्बर को मंजूरी दी गई है। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा श्योपुर जिले को 7561, शिवपुरी को 5154, उमरिया को 4092, शहडोल 2591, अशोकनगर 2294, गुना 2084, सिंगरौली 1895, डिंडोरी 1532, अनूपपुर 1522, सीधी 1042, मंडला 903, मुरैना 695, विदिशा 448, बालाघाट 401, ग्वालियर 266, छिंदवाड़ा 202, नरसिंहपुर 158, सिवनी 117, दतिया 110, जबलपुर 42 एवं रायसेन जिले को 29 पीएम आवास मंजूर किये गये हैं।

### बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज पर लगाया भगवा झंडा, पुलिस ने किया चिन्मय प्रभु को गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश में इस्कॉन मंदिर के प्रमुख पुजारी चिन्मय प्रभु की गिरफ्तारी का जमकर विरोध हो रहा है। हिंदू धर्म के लोग सड़कों पर उतरकर विरोध कर रहे हैं, लेकिन शांतिपूर्ण विरोध कर रहे लोगों पर कट्टरपंथी हमले की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। दरअसल, हाल ही में बांग्लादेश में जमकर बवाल हुआ। पड़ोसी देश में सत्ता परिवर्तन की उठ रही मांगों ने हिंसक रूप ले लिया और शेख हसीना को पीएम की कुर्सी छोड़कर भारत में शरण लेनी पड़ी। शेख हसीना के सत्ता से बेदखल होने के बाद अंतरिम सरकार का गठन किया गया।

### धरती को छोड़कर चला गया दूसरा चंद्रमा, क्या फिर कभी वापस लौटेगा?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** धरती के पास दो महीने तक दूसरा चंद्रमा था। जो 25 नवंबर 2024 को पृथ्वी को छोड़कर अंतरिक्ष में निकल गया। सवाल ये है कि क्या अब ये मिनी-मून कभी वापस लौटेगा। या अब ये कभी धरती की ओर नहीं आएगा। ये चांद 29 सितंबर से 25 नवंबर तक हमारी धरती की ऑर्बिट में चक्कर लगा रहा था। 29 सितंबर से 25 नवंबर तक हमारी धरती के पास दो चंद्रमा थे। अब उनमें से एक निकल गया। (प्रतीकात्मक फोटोः गेटी)29 सितंबर से 25 नवंबर तक हमारी धरती के पास दो चंद्रमा थे। अब उनमें से एक निकल गया। ये वो चंद्रमा है जो दो महीने धरती का मेहमान था। अब यह हमारे घर को छोड़कर अंतरिक्ष की अनंत यात्रा पर निकल गया है। यह चंद्रमा अपने घर की ओर जा रहा है, जो एक एस्टेरॉयड बेल्ट है। इस बेल्ट का नाम है अर्जुन एस्टेरॉयड बेल्ट। जो धरती और सूरज के बीच मौजूद है। यह एक बस के आकार का था।

संविधान दिवस पर पीएम मोदी का संबोधन, कहा-

## देश की सुरक्षा को चुनौती देने वालों को मिलेगा करारा जवाब

**नई दिल्ली, एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान दिवस पर सुप्रीम कोर्ट में आयोजित समारोह में संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि मैं देश का यह संकल्प दोहराता हूं कि भारत की सुरक्षा को चुनौती देने वाले हर आतंकी संगठन को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी को संविधान दिवस की बधाई। भारत के संविधान का ये 75वां साल पूरे देश के लिए एक गौरव का विषय है। आज मुंबई में हुए आतंकी हमले की भी बरसी है। इस हमले जिनकी मृत्यु हुई उनको मैं श्रद्धांजलि देता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि हमारा संविधान, हमारे वर्तमान और भविष्य का मार्गदर्शक है। बीते 75 वर्षों में देश के सामने जो भी चुनौतियां आई हैं। हमारे संविधान ने हर चुनौती का समाधान करने के लिए उचित मार्ग दिखाया है। संविधान ने आपातकाल का सामना किया। संविधान से मिली शक्ति की वजह से ही आज जम्मू-कश्मीर में भी बाबा साहब आंबेडकर का संविधान पूरी तरह लागू हुआ है।

## आप जीतते हैं तो ईवीएम ठीक और हारते हैं तो गड़बड़

### बैलेट पेपर से चुनाव की याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी**



सुप्रीम कोर्ट ने उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें याचिकाकर्ता ने अर्जी दाखिल कर कहा था कि देश में वोटिंग बैलेट के जरिये कराए जाने का निर्देश दिया जाए। याचिकाकर्ता डॉक्टर केए पॉल ने पीआईएल दाखिल कर कहा था कि चुनाव आयोग को यह भी निर्देश दिया जाए कि वह उन कैंडिडेट्स को अयोग्य घोषित करे जिसे चुनाव के दौरान शराब बांटने और अन्य प्रलोभन देने का दोषी पाया जाता है। याचिका में बैलेट से मतदान कराए जाने के अलावा कई अन्य दिशा-निर्देश दिए जाने का भी अनुरोध किया गया था। जस्टिस विक्रम नाथ ने जनहित याचिका खारिज करते समय तीखी टिप्पणी की और कहा कि जब आप चुनाव जीतते हैं, तो ईवीएम में कोई गड़बड़ी नहीं होती। लेकिन जब आप हारते हैं, तो ईवीएम में छेड़छाड़ का आरोप लगाया जाता है। जब चंद्रबाबू नायडू हारे, तो उन्होंने कहा कि ईवीएम में गड़बड़ी हो सकती है। अब इस बार जब जगन मोहन रेड्डी हारे, तो उन्होंने भी यही कहा कि ईवीएम में छेड़छाड़ की गई है।

### राहुल गांधी की नागरिकता रद्द की जाए या नहीं, 19 दिसंबर तक तय करेंगे, केंद्र का हाईकोर्ट में जवाब



इलाहाबाद हाईकोर्ट में सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की नागरिकता से जुड़ी याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान केंद्र सरकार ने इलाहाबाद हाईकोर्ट से कहा कि वह इस पर विचार कर रहा है कि क्या राहुल गांधी की नागरिकता रद्द की जानी चाहिए। केंद्र 19 दिसंबर को अपने फैसले की जानकारी कोर्ट को देगा। भारत के डिप्टी सॉलिसिटर जनरल एसबी पांडे ने कोर्ट को बताया है कि मंत्रालय को राहुल गांधी की कथित ब्रिटिश नागरिकता के आधार पर उनकी नागरिकता रद्द करने की मांग करने की जानकारी मिली है और यह प्रक्रिया में है। इससे पहले लोकसभा में नेता विपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की नागरिकता को चुनौती देने वाली याचिका पर 24 अक्टूबर को हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में सुनवाई हुई थी।

**विजय मत एंकर** वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने वायु प्रदूषण को लेकर जारी किया आदेश

## अब सभी कक्षाएं हाइब्रिड मोड में चलेंगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



देश की राजधानी दिल्ली में धूप भी वायु प्रदूषण कम नहीं कर पा रही है यहां हालात वैसे ही बने हुए हैं। वायु गुणवत्ता दिन ब दिन खराब हो रहा है। इस बीच वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने एक नया आदेश जारी किया है। इस आदेश के मुताबिक दिल्ली-एनसीआर में राज्य सरकारों को यह तय करना होगा कि 12वीं कक्षा तक की सभी कक्षाएं ÷हाइब्रिड÷ मोड में चलाई जाएं। आयोग की मानें तो दिल्ली-एनसीआर के अन्य क्षेत्रों के प्राथमिक स्कूलों में पूरी तरह से ऑनलाइन कक्षाएं संचालित करने की क्षमता नहीं है।

यह आदेश सुप्रीम कोर्ट द्वारा आयोग से स्कूलों और कॉलेजों में शारीरिक कक्षाएं फिर से शुरू करने पर विचार करने के लिए कहे जाने के कुछ घंटों बाद आया है, जिसमें कहा गया था कि कई छात्रों के पास ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेने के लिए बुनियादी ढांचे की कमी है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण रोधी ग्रैप-4 प्रतिबंधों में ढील देने से इनकार कर दिया और कहा कि जब तक वह इस बात से संतुष्ट नहीं हो जाती कि एक्यूआई स्तर में लगातार कमी आ रही है, वह ग्रैप-3 या ग्रैप-2 से नीचे प्रतिबंध लगाने का आदेश नहीं दे सकती। दिल्ली की खराब वायु गुणवत्ता को देखते हुए जो गंभीर स्तर तक गिर गई थी, लेकिन बाद में इसमें थोड़ा सुधार हुआ था। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के तुरंत बाद दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों ने भौतिक कक्षाएं फिर से शुरू होने की स्थिति में छात्रों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं।

## पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ बोले- अदालतें विपक्ष का रोल कभी नहीं निभातीं है

**नई दिल्ली, एजेंसी**



पूर्व चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा- लोकतंत्र में विपक्ष का स्पेस अलग है। कुछ लोग न्यायपालिका के कंधों पर बंदूक रखकर गोली चलाना चाहते हैं। वे कोर्ट को विपक्ष में बदलना चाहते हैं, लेकिन न्यायपालिका कानूनों की जांच करने के लिए है। दरअसल, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कुछ दिनों पहले ज्यूडिशियरी के काम करने के तौर-तरीके पर आपत्ति जताई थी। उन्होंने कहा था कि ज्यूडिशियरी का काम भी विपक्ष ने ले लिया है। हम मीडिया, जांच एजेंसी और न्यायपालिका का काम कर रहे हैं।

## संविधान अब संस्कृत और मैथिली में भी, राष्ट्रपति ने इसे जारी किया

**नई दिल्ली, एजेंसी**



देश के संविधान के 75 साल पूरे होने पर पुरानी संसद के सेंट्रल हॉल में मंगलवार को विशेष कार्यक्रम हुआ। इसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला भी मौजूद रहे। आयोजन की थीम हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान रखी गई। संविधान अपनाने की 75वीं वर्षगांठ पर सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया गया। संस्कृत और मैथिली में संविधान की प्रतियां भी जारी की गईं।

## न्यूज इन शॉर्ट

### बच्चों के नामांकरण भगवान से करना चाहिए: बिहारी



गढ़ाकोटा। जिला सागर के रहली विधान सभा में तहसील गढ़ाकोटा के समीप स्थित ग्राम रेंगुवा में सभी ग्रामवासीयो के द्वारा पावन पुनीत श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विद्वान कथा वाचक महंत विपिन बिहारी जी महाराज द्वारा तीखी वाणी में पावन श्रीराम कथा को बुंदेली भाषा में कर रहे है। उन्होंने कहा कि आजकल जो बच्चों के नाम अंग्रेजी विचारधारा का पालन करते हुए नाम रखे जा रहे हैं उनमें भावना सही नहीं होती है नाम प्राचीन सनातनी संस्कृति के अनुसार भगवान से जुड़े हुए रखे जाना चाहिए जब उनमें अच्छे गुण आएंगे इसके साथ-साथ समाज में फैले विभिन्न कुरीतियों पर भी बोलते हुए महंत ने कहा कि शराब विनाश की जड़ होती है हम सभी को मिलकर इस से समाज को मुक्त करना होगा।

### एसडीएम कार्यालय में सामूहिक जनसुनवाई हुई



बीना। मंगलवार को एसडीएम कार्यालय में सामूहिक जनसुनवाई हुई। इसमें मात्र 8 आवेदन आए। एसडीएम कार्यालय में हर सप्ताह एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह जनसुनवाई करते हैं। मंगलवार को केवल 8 आवेदन सीमांकन, जल निगम, कृषि भूमि, आर्थिक सहायता के आए। 15 अक्टूबर को विधायक की आतिथ्य में जनसुनवाई हुई थी। इसमें सबसे ज्यादा 33 आवेदन आए थे। इसके बाद अब तक इतने आवेदन नहीं आए। अक्टूबर और नवंबर में अब तक 58 आवेदन आए हैं। सबसे कम दो आवेदन 29 अक्टूबर की जनसुनवाई में आए थे। मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में लोग अब रुचि नहीं ले रहे हैं। जहां पहले जनसुनवाई में बढ़ चढ़कर लोग आते थे। अब लोगों का रुझान कम होता जा रहा है। सेमरखेड़ी गांव के किसान सीताराम सिंह ठाकुर ने बताया कि जनसुनवाई जो सप्ताह में केवल एक ही बार होती है, लेकिन सीएम हेल्पलाइन पर कभी भी शिकायत कर सकते हैं और इसका निराकरण भी जल्दी हो जाता है। लोगों को राहत मिलती है।

### ज्यादा समय से फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बीना/बीना पुलिस को मिली एक बड़ी कामयाबीएक साल से ज्यादा समय से फरार इनामी आरोपी को सोमवार को पुलिस ने किया गिरफ्तार मारपीट के मामले में एक साल से ज्यादा समय से था फरार।मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस ने मारपीट के मामले में एक साल से ज्यादा समय से फरार इनामी आरोपी को सोमवार को गिरफ्तार किया है। बीना थाना प्रभारी अनूप यादव ने बताया कि फरार स्थायी वारंटी इनामी बदमाश नेतराम पिता लक्षण पाल (34) निवासी ग्राम एरन थाना आगासौद को गिरफ्तार किया है। आरोपी धारा 294, 323, 506, 34 के तहत एक साल से ज्यादा समय से फरार चल रहा है। वारंटी को गिरफ्तार करने में बीना थाना प्रभारी अनूप यादव के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक देवेन्द्र सिंह, गौतम भट्ट, आरक्षक देवेंद्र यादव, मंगल यादव, बृजेंद्र ठाकुर, संदीप यादव का योगदान रहा। थाना प्रभारी अनूप यादव ने बताया कि टीम बनाकर आरोपी को पकड़ा मुखबिर से सूचना लगते ही तत्काल टीम का गठन कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### एनएसयूआई ने कला यात्रा का फूल बरसा कर स्वागत किया

सागर। देशभर के विश्वविद्यालयों की सांस्कृतिक कला यात्रा का गोपालगंज में एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष अक्षत कोठारी द्वारा डॉ संदीप सबलोक की विशेष उपस्थिति में भव्य मंच लगाकर स्वागत किया।इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद छात्र छात्राओं ने कला यात्रा में शामिल छात्र छात्राओं पर फूल बरसाए और पेयजल से उनका स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ संदीप सबलोक ने कहा कि देशभर के विश्वविद्यालयों की युवा उत्सव प्रतियोगिताओं का सागर में आयोजन होना गौरव की बात है। अब सरकार डॉ गौर के सम्मान में उन्हें भारत रत्न देने की भी घोषणा करे।

## गौर जयंती के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए

# डॉ. गौर को भारत रत्न दिलाने का सामूहिक प्रयास अवश्य सफल होगा: कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता

**विजय मत, सागर**

महान दानवीर, विधिवेत्ता एवं डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के संस्थापक सर डॉ हरीसिंह गौर की 155वीं जयन्ती के अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने सागर शहर के तीनबत्ती पहुँचकर डॉ. गौर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और सभा को संबोधित किया । उन्होंने बुन्देली संकल्प के अद्वितीय नायक डॉ. सर हरीसिंह गौर की जयंती पर सभी नगरवासियों का अभिनन्दन करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा आज का दिन हमारे लिए विशेष अर्थ रखता है क्योंकि आज के ही दिन इस धरती पर डॉ. हरीसिंह गौर जैसे महान शक्सियत ने जन्म लिया था। आज का दिन महज कैलेण्डर का एक पन्ना नहीं, बल्कि बुन्देलखण्ड के इतिहास का एक खूबसूरत पैगाम है। एक ऐसा पैगाम जिससे जुड़कर हजारों-लाखों लोगों के जीवन में ज्ञान का बसंत आया। आप भाग्यशाली हैं कि आप डॉ. गौर के शहर के वासिन्दें हैं। आप सभी गौर साहब के जीवन और सृजन से खूब परिचित हैं। उन्होंने डॉ. गौर के जीवन की संघर्ष यात्रा के बारे में बताते हुए कहा कि जीवन की प्रतिकूल परिस्थितियों से लड़ते हुए उनके चिरागी व्यक्तित्व का निर्माण हुआ। अपनी मातृभूमि के लिए कुछ श्रेष्ठ करने का संकल्प कभी नहीं छूटा। अपनी प्रतिभा से ज्ञान, राजनीति, पत्रकारिता, सृजनात्मकता आदि सभी क्षेत्रों में लगभग विजय प्राप्त करते हुए उन्होंने अपने समकालीन बड़ी हस्तियों को चौंका दिया। डॉ. गौर का यह जीवन हम सबके लिए एक मिसाल है। दुःख को शक्ति में, अभाव को सृजन में और संघर्ष को कैसे संकल्प में बदला जाता है, हमारे लिए यही गौर साहब की सीख है। एक श्रेष्ठ अधिवक्ता, विधि विशेषज्ञ, संविधान सभा के सदस्य, लेखक-कवि, धर्मज्ञ, शिक्षाविद, समाजसेवी, दिल्ली विश्वविद्यालय के संस्थापक और नागपुर विश्वविद्यालय के कुलपति आदि भूमिकाओं में अपनी क्षमता और प्रतिभा से पूरे देश को प्रभावित किया। किन्तु अपार यश और समृद्धि के वैभव के बीच में भी उनकी मातृभूमि सागर की आकुल पुकार उनसे विस्मृत न हो सकी। 18 जुलाई, 1946 को अपनी पूरी सम्पत्ति का दान कर सागर विश्वविद्यालय की स्थापना की।



डॉ. गौर द्वारा स्थापित यह विश्वविद्यालय अपनी स्थापना काल से ही अपने विशिष्ट ज्ञान और अनुसंधान के साथ राष्ट्र की प्रगति में अपनी भूमिका का निर्वाह कर रहा है। उन्होंने विश्वविद्यालय की अकादमिक यात्रा, उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय अपने नवोन्मेशी पाठ्यक्रमों, योग्य शिक्षकों, कर्मठ अधिकारियों, कर्मचारियों के सहयोग से ज्ञान-विज्ञान और शोध के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियों के साथ ही वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुकूल श्रेष्ठ विद्यार्थी एवं संवेदनशील नागरिक तैयार करने की दिशा में सफलतापूर्वक कार्य कर रहा है। सभी नगरवासियों के स्नेह और सहयोग के साथ आज विश्वविद्यालय अपनी भौतिक अधोसंरचना में वृद्धि और वैश्विक स्तर पर अपनी अकादमिक प्रतिष्ठा में निरंतर सकारात्मक सम्पन्नता अर्जित कर रहा है। अकादमिक प्रगति के साथ ही विश्वविद्यालय अपने सामाजिक सरोकारों को भी लगातार पुनर्परिभाषित कर रहा है। आपका विश्वविद्यालय आपके प्रेम, सहयोग और समर्पण के लिए हमेशा आभारी है। 26 से 30 नवम्बर तक आयोजित किये जा रहे युवा उत्सव में सभी नगरवासियों को आमंत्रित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार आयोजित होने जा रहा यह आयोजन निश्चित ही ऐतिहासिक होगा। आप सभी डॉ. गौर के सपनों के वास्तविक उत्तराधिकारी हैं। जिस तरह आप अपने गौर बप्पा को याद करते हैं। वह आपके प्रेम और श्रद्धा का अविरल उदाहरण है। विभिन्न मंच, संस्थाओं द्वारा डॉ. हरीसिंह गौर को भारत रत्न दिलवाने हेतु किए गए प्रयासों की यह विश्वविद्यालय सराहना करता है, समर्थन करता है और साथ ही मैं आवहन करती हूँ - समस्त सागर वासियों को - आइए हम सब एकजुट होकर डॉ. गौर को भारत रत्न दिलवाएं जिसके वह हकदार हैं। कह-कह कर थक गए हम, डॉ. गौर को भारत रत्न दिलवाना है। आइए, अब हमें मिलकर करके दिखाना है - हमें डॉ. गौर को - भारत रत्न दिलवाना है। इस अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिक, जन प्रतिनिधि, विभिन्न महाविद्यालयों एवं स्कूलों के विद्यार्थी, विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं पत्रकारगण उपस्थित थे। परम्परानुसार शहर के तीनबत्ती से बैंड बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकली जो प्रमुख मार्गों से होती हुई विश्वविद्यालय पहुँची। इस दौरान शहर के नागरिक, जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी और आमजन इस शोभायात्रा का हिस्सा बने, शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत हुआ। महान दानवीर, विधिवेत्ता एवं डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के संस्थापक सर डॉ. हरीसिंह गौर की 155वीं जयन्ती के अवसर पर विश्वविद्यालय के गौर प्रांगण में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन तथा डॉ. गौर के तैल चित्र पर पुष्प अर्पण के साथ मुख्य समारोह प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं पूर्व आईपीएस श्री कन्हैया लाल बेरवाल ने की। सारस्वत उद्?बोधन विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने दिया. इस अवसर विशिष्ट अतिथि के रूप में केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने ऑनलाइन माध्यम से वीडियो संबोधन दिया। सांसद श्रीमती लता वानखेड़े, श्री गोविन्द सिंह राजपूत, कैबीनेट मंत्री, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, श्री शैलेन्द्र जैन, विधायक, सागर विधानसभा उपस्थित मंचासीन रहे और समारोह को संबोधित किया। गौर उत्सव के समन्वयक प्रो. दिनेश कुमार नेमा ने स्वागत भाषण दिया।

## सफाई मित्रों ने गौर जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा के पीछे-पीछे चलकर तुरंत सड़क को साफ किया

**विजय मत, सागर**

26 नवंबर गौर जयंती के अवसर पर गौरमूर्ति कटरा बाजार से विश्वविद्यालय तक निकाली गई डॉ. हरि सिंह गौर जी की शोभायात्रा के पीछे-पीछे चलकर नगर निगम के 100 सफाई मित्रों ने स्वच्छता की गागर हमाओ सागर÷ थीम स्वच्छता को बढ़ावा देने और जागरूकता के उद्देश्य से सड़कों को तुरंत साफ कर पूर्ववत कर दिया। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देश अनुसार सफाई मित्रों के दल गठित किये गये, जो पूरे ड्रेस कोड में सुसज्जित होकर रैली के साथ-साथ चलते रहे, सफाई मित्रों ने रैली के दौरान सड़कों पर पड़े फूल, डिस्पोजल और अन्य कचरे को तुरंत साफ किया और शोभायात्रा के पीछे चल रही कचरा गाड़ी में डालकर निर्धारित स्थल पर पहुंचाने का कार्य किया। यह प्रक्रिया बेहद व्यवस्थित और प्रभावी थी जिससे रैली के तुरंत बाद सड़कें स्वच्छ और सुंदर नजर आने लगी । इस पहल का नागरिकों ने स्वागत किया क्योंकि आमतौर पर ऐसे आयोजनों के बाद सड़कों पर फैलने वाला कचरा अगले दिन तक सफाई का इंतजार करता था। लेकिन इस नवाचार ने रैली के दौरान ही सफाई सुनिश्चित कर दी। यह कदम स्वच्छता को प्राथमिकता देने और नागरिकों के बीच अनुकरणीय जागरूकता फैलाने का माध्यम बना तथा निगमायुक्त के इस कार्य की नागरिकों ने प्रशंसा की । उल्लेखनीय है कि निगम आयुक्त राजकुमार खत्री द्वारा पूर्व में भी सभी धार्मिक आयोजनों के दौरान निकाल गईं शोभायात्राओं के पीछे निगम के सफाई मित्रों की टीम बनाकर तत्काल सफाई कराने हेतु नवाचार प्रारंभ किया गया था जिससे लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता देखने को मिली थी तथा शहर को स्वच्छ बनाया गया।

## विश्वविद्यालय में मध्य क्षेत्र अंतरविश्वविद्यालयीन युवा उत्सव का हुआ उद्घाटन

**विजय मत, सागर**

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के संस्थापक महान शिक्षाविद् एवं प्रख्यात विधिवेत्ता, संविधान सभा के सदस्य एवं दानवीर डॉ. सर हरीसिंह गौर के 155वें जन्म दिवस के अवसर पर भारतीय विश्वविद्यालय संघ नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में मध्य क्षेत्र अंतरविश्वविद्यालयीन युवा उत्सव 2024-25 'गौर-गौरव उत्सव' 26 से 30 नवम्बर 2024 तक आयोजित किया जा रहा है. युवा उत्सव का उद्घाटन समारोह 26 नवम्बर को सायं 6 बजे गौर प्रांगण में सम्पन्न हुआ. इस अवसर पर मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश के उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, सागर विधायक शैलेन्द्र जैन, सागर महापौर संगीता तिवारी, प्रख्यात सिने अभिनेता मुकेश तिवारी, एआईयू की सह-सचिव डॉ. ममता आर अग्रवाल, युवा नेता गौरव सिरोठिया, शैलेश केसरवानी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे. कार्यक्रम की संरक्षिका कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता रहीं। समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कन्हैयालाल बेरवाल ने की। इस दौरान छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो अम्बिकादत्त शर्मा, प्रभारी कुलसचिव सत्यप्रकाश उपाध्याय मौजूद थे। स्वागत भाषण डॉ राकेश सोनी ने दिया। एआईयू की अतिरिक्त सचिव ममता अग्रवाल ने सभी प्रतिभागी विश्वविद्यालय से आये छात्रों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सभी तरह की अभिव्यक्तियां कला हैं। उन्होंने व्यापक स्वरूप में किये गए इस आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के सभी आयोजकों का आभार व्यक्त किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मप्र के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि भारत युवाओं का देश है। भारत सुपर इकोनॉमिक पावर बनने जा रहा है। यह विश्वविद्यालय एक महापुरुष द्वारा स्थापित है। संविधान निर्माण में उनका योगदान बहुत बड़ा है। वे एक प्रेरणा पुंज हैं। उनके जीवन गाथा से प्रेरणा और विचारों को आत्मसात करना हम सबका कर्तव्य है। उन्होंने युवा उत्सव में आये सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि मैं इस विश्वविद्यालय का छात्र रहा हूँ। यहां का वातावरण अध्ययन के लिए बहुत अच्छा है। यहां से बहुत से छात्रों ने पढ़कर देश विदेश में नाम कमाया है। यहां के अनुभवों से सीखिए। जीवन में उनको अपनाइए। यह डॉ गौर की धरती है। यहां के अनुभव और शिक्षा को अपने जीवन में अपनाकर अपना भविष्य और देश के भविष्य को संवारिये। प्रख्यात सिने अभिनेता मुकेश तिवारी ने कहा कि यह बुंदेलखंड की धरती है। मैं यहीं पैदा हुआ, यहीं बड़ा हुआ। यहां की माटी बहुत पवित्र है। यहां स सीखकर जाइये और अपने जीवन में अच्छा कार्य करिए। उन्होंने प्रतिभागियों को जीत और हर के मायने समझाए और अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रोत्साहित किया। कुलपति प्रो नीलिमा गुप्ता ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों के स्वागत किया।

## मेरी प्र्राथमिकता हैं कि बीना विधानसभा का हर गांव और हर पंचायत विकास के मार्ग पर अग्रसर हो: विधायक

**विजय मत, बीना**

बीना विधानसभा क्षेत्र में विकास को नई दिशा देते हुए विधायक एड. निर्मला सप्रे ने अपनी 1 महीने की विकास यात्रा के दूसरे दिन 1 करोड़ से अधिक लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस यात्रा के माध्यम से वे पूरे विधानसभा क्षेत्र के हर कोने में विकास कार्यों को गति देने और जनता से सीधे संवाद स्थापित करने का प्रयास कर रही हैं। विधायक एड. निर्मला सप्रे की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री द्वारा पंचायत गुलौआ में 14 लाख, नौगांव में 9 लाख, कोरज़ा में 8 लाख, सतोरिया में 24 लाख, और घाट बरोदिया में 33 लाख के कार्य स्वीकृत किए गए। ये कार्य सड़क निर्माण, सामुदायिक भवन, नाली निर्माण और पेयजल आपूर्ति जैसे बुनियादी ढांचे को सुधारने के लिए किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायतों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों, विभागीय अधिकारियों और ग्रामीणों ने विधायक का स्वागत किया। ग्रामीणों ने विधायक के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में बीना क्षेत्र तेजी से विकास कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान विधायक एड. निर्मला सप्रे ने कहा,मेरी प्राथमिकता है कि बीना विधानसभा का हर गांव और हर पंचायत विकास के मार्ग पर अग्रसर हो। इस यात्रा के माध्यम से मैं न केवल विकास कार्यों को धरातल पर ला रही हूं, बल्कि जनता की समस्याओं को भी सुन रही हूं। हमारा लक्ष्य है कि हर व्यक्ति को बुनियादी सुविधाएं मिलें और उनकी समस्याओं का समाधान त्वरित हो। विकास यात्रा में प्रतिदिन विधायक सप्रे नई पंचायतों का दौरा कर रही हैं और स्थानीय लोगों से सीधा संवाद कर रही हैं। उनका यह कदम जनता के बीच व्यापक उत्साह और विश्वास का संचार कर रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि विधायक के नेतृत्व में विकास कार्य न केवल तेज़ी से पूरे हो रहे हैं, बल्कि उनकी पहुंच सीधे जनता तक हो रही है। 1 महीने की विकास यात्रा के तहत विधायक सप्रे हर दिन नई पंचायतों में जाकर विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि हर पंचायत में अधूरे कार्यों को पूरा किया जाएगा।

## कृषि विज्ञान केंद्र में संविधान दिवस का किया गया आयोजन

**विजय मत, सागर**

कलेक्टर संदीप जी आर के मार्गदर्शन में कृषि विज्ञान केंद्र, सागर ने 26 नवंबर के अवसर पर ÷संविधान दिवस मनाते हुए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय किसानों के साथ साथ कृषि महाविद्यालय, गंज बासौदा की छात्राओं के साथ साथ वैज्ञानिकों तथा धनुका एग्रीटेक के अधिकारियों सहित अन्य लोगों ने भाग लिया जिनको केंद्र के प्रमुख वैज्ञानिक एवं हेड, डॉ. के एस. यादव ने संविधान की शपथ दिलाई गई। साथ ही उपस्थित जनसमूह ने भारत की अखंडता और क्षमता को बनाए रखने की प्रतिज्ञा भी ली। कार्यक्रम में किसानों के लिए धानुका एग्री लिमिटेड के सहयोग से एक प्रशिक्षण सत्र का आयोजन भी किया गया, जिसमें श्री राहुल बघेल क्षेत्रीय अधिकारी एवं उनके तकनीकी स्टाफ के नेतृत्व में किसानों ने भाग लिया। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक, डॉ. एस. के. तिवारी मौजूद थे।

## खास खबर

### विधायक ने 1 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

# विकास कार्य केवल कागजों तक सीमित न रहे: विधायक

**विजय मत, बीना**

बीना। बीना विधानसभा क्षेत्र में समग्र विकास की ओर कदम बढ़ाते हुए विधायक एड. निर्मला सप्रे ने सोमवार को 1 करोड़ से अधिक लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के कोने-कोने में विकास कार्यों को पहुंचाने के उद्देश्य से 1 महीने की विकास यात्रा की शुरुआत की। इस दौरान विधायक ने विभिन्न ग्राम पंचायतों में जाकर स्थानीय विकास कार्यों का भूमिपूजन किया और ग्रामीणों के साथ संवाद किया। विधायक सप्रे की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री द्वारा ग्राम पंचायत सेमरा गणपत में 25 लाख, नाऊखेड़ा में 16 लाख, मगरधा में 21 लाख और बारधा में



20 लाख की लागत से विकास कार्य स्वीकृत किए गए। इन कार्यों में सड़क निर्माण, नाली निर्माण, सामुदायिक भवनों का निर्माण और पेयजल परियोजनाएं शामिल हैं। भूमिपूजन के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों, भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, विभागीय अधिकारियों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति देखी गई। विधायक एड. निर्मला सप्रे ने घोषणा की कि यह विकास यात्रा पूरे 1 महीने तक चलेगी। इस दौरान वे विधानसभा के हर गांव और हर पंचायत में जाकर विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगी और जनता की समस्याओं को सुनेंगी। उन्होंने कहा, ÷विधानसभा के हर क्षेत्र में समूचा विकास मेरा सपना है। मैं इस यात्रा के माध्यम से सुनिश्चित करूंगी कि विकास कार्य केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि हर गांव और हर व्यक्ति तक पहुंचें। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने विधायक सप्रे का फूल-मालाओं से स्वागत किया और उनके प्रयासों की सराहना की। ग्रामीणों ने कहा कि विधायक के नेतृत्व में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं और क्षेत्र को नई दिशा मिल रही है। जनता ने विधायक को भरोसा दिलाया कि वे उनके हर कदम पर साथ खड़े रहेंगे। विधायक सप्रे ने कहा, यह विकास यात्रा न केवल विकास कार्यों का मंच है, बल्कि जनता से सीधे जुड़ने का माध्यम भी है। हर पंचायत में जाकर मैं जनता की समस्याओं को सुनूंगी और उनका समाधान करूंगी। बीना विधानसभा को एक मॉडल विधानसभा के रूप में विकसित करना मेरा उद्देश्य है। विकास यात्रा के दौरान विधायक ने यह भी बताया कि क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए नई योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में बीना विधानसभा में बड़ी परियोजनाओं को शुरू किया जाएगा, जो क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी। एड. निर्मला सप्रे की यह विकास यात्रा बीना विधानसभा में विकास के नए युग की शुरुआत का प्रतीक है। 1 महीने तक चलने वाली इस यात्रा से न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाएं बढ़ेंगी, बल्कि विश्वास भी बढेगा।

## मोटरसाईकिल लूट कर भागे अज्ञात तीन लड़कों को किया गया गिरफ्तार

**विजय मत, सागर**

सागर जिले के नि ग्राम पडरई थाना जैसीनगर सागर ने रिपोर्ट लेख कराई कि दिनाँक 23.11.2024 की रात के करीब 09.00 बजे की बात है मैं अपनी मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स स्ब्ब09ङ्ग7922 से अपने फूफा राघवेन्द्र रावत उर्फ बडे पापा के लडके जगदीश के साथ अपने घर पडरई जा रहा था रास्ते मे बडी नदी राघव गार्डन के पास पहुँचा तो तीन अज्ञात लडके उम्र करीब 20-30 साल के बीच मेरी गाडी के सामने अचानक आए और हम लोगो को रोक लिया उनमे से एक लडका चाकू लिए था दो लडके कटर लिए थे तीनो ने मुझे व फूफा राघवेन्द्र व भाई जगदीश को पकडा और बोले कि कितने पैसे है तुम लोगो के पास और तीनो ने मेरे गाल पर चाटे मारे और चाकू अडाकर मेरी मोटरसाइकिल कीमती करीबन 60000 रूपये की छीन कर भाग गए। भागते समय वे तीनो बोल रहे थे कि अगर थाने रिपोर्ट करने गए तो जान से मार डालेगे। उन तीनो लडको को देखकर पहचान लूँगा बाईक के उजाले मे मैने उनके चेहरे देखे है की रिपोर्ट पर अपराध बीएनएस का पंजीबद्ध किया गया। दौरान विवेचना प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये वरिष्ठ अधिकारियों के मार्ग-दर्शन में आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त किये जाकर प्रभावी कार्यवाही करते हुये मुखविर की सूचना के आरोपी अक्कू उर्फ आकाश पिता टीकाराम अहिरवार उम्र 21 साल नि राजीवनगर वार्ड सागर शुभम पिता गंगाराम प्रसाद अहिरवार उम्र 19 साल नि भगतसिंह वार्ड सागर जयपाल पिता ओमप्रकाश चढार उम्र 24 साल नि0 भगतसिंह वार्ड सागर को दिनांक 26.11.2024 को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई जिसने अपराध करना स्वीकार किया तथा लूट की गई मोटरसाईकिल कीमती 60000 रूपये की पेश करने पर जप्ती की जाकर आरोपी गण को गिरप्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

## न्यूज इन शॉर्ट

### सगे देवर ने अकेला पाकर भाभी से की अश्लील छेड़छाड़

**भोपाल।** शहर में देहात क्षेत्र के इंटखेड़ी थाना इलाके में सगे देवर द्वारा भाभी से अशलील छेड़छाड़ किये जाने का मामला सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम रायपुर में रहने वाली 27 वर्षीय विवाहिता ने अपनी शिकायत में बताया की उसक पति निजी काम करता है। बीते दिन पति के काम पर जाने के बाद वह घर पर अकेली थी। शाम करीब साढ़े चार बजे मौका देख उसका देवर प्रदीप साहू घर में घुस आया और बुरी नियत से उसे पकड़कर अशलील छेड़छाड़ करने लगा। आरोपी का विरोध करते हुए उसने शोर मचाने की धमकी देकर आसपास के लोगो को बुलाने की धमकी दी तब किया तो वह धमकी देते हुए घर से चला गया। बाद में पति के घर आने पर उसने देवर की सारी करतूत उसे बताई और उसके साथ थाने जाकर शिकायत दर्ज करा दी। पीड़िता की शिकायत पर आरोपी देवर के खिलाफ का मामला दर्ज कर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### सेंट जोसेफ स्कूल टीचर की पत्नी ने फांसी लगाई, दो दिन चले इलाज के बाद तोड़ा दम

**भोपाल।** नये शहर के कोलार थाना इलाके में स्थित गणपति इन्क्लेव में रहने वाली विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मर्ग कायम कर पुलिस कारणो की जॉच कर रही है। थाना पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मूल रुप से उत्तराखंड के रहने वाले दीपक सिंह सेंट जोसेफ स्कूल में टीचर है। उनकी 32 वर्षीय पत्नि करिश्मा सिंह मूलत: उत्तर प्रदेश की रहने वाली थी, और घरेलू महिला थी। दीपक अपने परिवार के साथ गणपति इन्क्लेव, कोलार रोड पर रह रहे है, उसके दो बच्चे भी है। पति दीपक ने पुलिस को बताया कि दो दिन पहले पत्नि करिश्मा ने अपने कमरे में फांसी लगा ली थी। उस पर नजर पड़ते ही वह उसे फंदे से उतारकर इलाज के लिये जेके अस्पताल लेकर पहुंचे। वहॉ दो दिन तक चले इलाज के बाद सोमवार- मंगलवार की दरमियानी रात उसकी मौत हो गई। अस्पताल प्रबंधन से मिली सूचना पर पहुंची पुलसि ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिये भेज दिया। जॉच टीम ने बताया कि फिलहाल मौके से कोई सुसाइड नोट या अन्य ऐसा सुराग नहीं मिला है, जिससे आत्महत्या का कारण साफ हो सके। आगे की जॉच में पुलिस मृतिका के पति सहित उत्तराखंड से आने वाले उसके परिजनो के बयान दर्ज करेगी, जिसके बाद ही कारणो का खुलासा हो सकेगा।

### चिरायु अस्पताल के कर्मचारियो में हुआ विवाद, आरोपी ने ऑपरेशन औजार से चेहरे पर किया वार

**भोपाल।** चिरायु अस्पताल के एक कर्मचारी ने मरीज के पलंग को शिफ्ट करने की बात पर लेकर हुए विवाद में अस्पताल के अन्य कर्मचारी के चेहरे पर आपरेशन के औजार से चेहरे पर वार कर उसे घायल कर दिया। शिकायत मिलने पर खजूरी सड़क थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। थाना पुलिस के अनुसार फरियादी बंटी मालवीय पिता शांतिलाल मालवीय (23) ने बताया कि वह थाना इलाके में स्थित बैरागढ़ कला में रहता है, और चिरायु अस्पताल में साफ-सफाई का काम करता है। सोमवार शाम करीब 7 बजे वह अस्पताल में पोछा लगा रहा था। उसी समय अस्पताल में ही काम करने वाला आरोपी निक्की वहॉ आया और उससे वहॉ रखे मरीज का पलंग लेकर जाने का कहने लगा। बंटी ने उससे कहा कि अभी वह सफाई कर रहा है, सफाई के बाद वह पलंग को शिफ्ट कर देगा। उसके जवाब पर निक्की भड़क गया और उससे अनाप-शनाप बातें कहनी शुरु कर दी। बंटी ने जब उसका विरोध किया तब उनके बीच कहासूनी शुरु हो गई। इसी बीच आरोपी ने वहॉ रखा आपरेशन में काम आने वाला औजार उठाकर उसके चेहरे पर मार दिया। हमले में बंटी को गंभीर चोट आई है। मामला दर्ज कर पुलिस आगे की कार्यवाही में जुटी है।

### पति से अलग रह रही नवविवाहिता फंदे पर झूली, कारण अज्ञात

**भोपाल।** जहांगीराबाद थाना इलाके में एक नव विवाहिता द्वारा फांसी लगाकर जान देने की घटना प्रकाश में आई है। बताया गया की महिला पति से मनमुटाव के चलते उससे अलग अपनी मां के साथ रह रही थी। मामला कायम कर पुलिस कारणो की जॉच कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 24 वर्षीय वैशाली की शादी दीपक नामक युवक के साथ हुई थी, लेकिन थोड़े समय बाद ही उसका पति से पारिवारिक कारणो को लेकर आये दिन विवाद होने लगा था, उसका अपने से पति से विवाद का प्रकरण कोर्ट में चल रहा है। रोजाना के झगड़ो से परेशान आकर वैशाली पति से अलग जहॉगिराबाद बाजार में अपनी मां के साथ रह रही थी। परिवार में केवल मां और बेटी थे। बीती दोपहर वैशाली ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। उस पर नजर पड़ते ही मां की चीखपुकार सुनकर आसपास के लोग वहॉ पहुंचे और वैशाली को फंदे से उतारकर इलाज के लिये हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन वहॉ डॉक्टर ने शुरुआती चेकअप के बाद ही उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिवार वालो को सौंप दिया है। पुलिस का कहना है कि शुरुआती जॉच में आत्महत्या की वजह साफ नहीं हो सकी है, हालांकि पारिवारिक कारणो का लेकर उसके मानसिक तनाव में रहने की बात सामने आई है। आगे की जॉच में पुलिस मृतिका की मॉ सहित अन्य रिश्तेदारों के बयान करेगी। जिसके बाद ही कारणो का खुलासा हो सकेगा। मामला नवविवाहिता से जुड़ा होने के चलते इसकी जॉच एसीपी द्वारा की जायेगी।

### मैनेजर की कार से लैपटॉप सहित अन्य सामान चोरी करने वाले बेसुराग

**भोपाल।** बागसेवनियां थाना इलाके में स्थित आरआरएल तिराहा के पास निजी कंपनी के मैनेजर की कार से अज्ञात बदमाश ने बैग चोरी कर लिया। बैग में लैपटॉप अन्य जरुरी सामान सहित 90 हजार रुपए का सामान रखा था। पुलिस के अनुसार आधार शिला अवधपुरी में रहने वाले प्रियांश अय्यर (28) ने लिखित शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि वह एक निजी कंपनी में मैनेजर के पद पर नौकरी करते हैं। बीती 19 नवंबर की सुबह कार में पेट्रोल खत्म होने पर वह जैसै-तैसै कार लेकर आरआएल तिराहा स्थित पैट्रौल पंप पर गये थे। वहां उन्हें जानकारी लगी की उस पंप पर गैस फ्यूल ही उपलब्ध है। उनकी कार में पैट्रोल नहीं था, इसके चलते वह कुछ देर के लिए वह अपनी कार के पास खड़े होकर आराम कर परिचित को बुलाने की सोचने। इस बीच जब उनकी नजर कार की पिछली सीट पर पड़ी तो देखा की कार की सीट पर रखा उनका बैग गायब चुका था। अपने स्तर पर काफी तलाश करने पर भी जब बैग नहीं मिला तब वह थाने पहुचें। आवेदन की जॉच के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला कायम कर लिया है। पुलिस घटनास्थल सहित आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चैक कर यह जानकारी जुटा रही है कि फरियादी का बैग आखिरकार चोरी कहॉ से हुआ है।

---

**जिला न्यायालय भोपाल में न्यायाधीशगण एवं स्टॉफ द्वारा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया**

# 'संविधान दिवस' के उपलक्ष्य में NITTTR में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**विजय मत, भोपाल**

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं मनाज कुमार श्रीवास्तव प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश भोपाल के मार्गदर्शन एवं श्रीमती आरती शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (NITTTR), श्यामला हिल्स, भोपाल में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया।

उक्त विधिक जागरूकता शिविर में मुख्य रूप से विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से अभय सिंह, जिला विधिक सहायता अधिकारी तथा सुधीर दुबे, पैनल अधिवक्ता भोपाल मुख्य रूप से मार्गदर्शक वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संस्थान के निर्देशक सी.सी. त्रिपाठी एवं प्राफेसर रवि कुमार गुप्ता, सेवा निवृत्त मेजर निशांत कुमार, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं संस्थान का स्टॉफ एवं छात्र, प्रशिक्षु, एवं अन्य राज्यो के शिक्षकगण उपस्थित रहे।




सुधीर कुमार दुबे, पैनल अधिवक्ता द्वारा भारतीय संविधान के संवैधानिक इतिहास, संविधान सभा के गठन, संविधान के प्रमुख स्त्रोत, संविधान की प्रकृति, मौलिक कर्तव्य एवं मौलिक अधिकार से संबधित माननीय सर्वोच्च न्यायालय के न्याय दृष्टांत, राज्य के नीति निर्देशक तत्व के संबंध में जानकारी दी। जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय सिंह द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण का उददेश्य, कार्य प्रणाली एवं संरचना के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही निःशुल्क विधिक सहायता योजना, लोक अदालत, मध्यस्थता योजना, प्री-लिटिगेशन मीडिएशन, मोटर दुर्घटना दावा अधिनियम संबंधी प्रावधान, माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के रख-रखाव और कल्याण अधिनियम, 2007 तथा निःशुल्क विधिक सलाह एवं सहायता हेतु नालसा टोल फ्री नंबर -15100 के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

मेजर निशांत कुमार राय के द्वारा संविधान की प्रस्तावना के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई, साथ ही संविधान के महत्व के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के अंत में संस्था के निदेशक सी.सी. त्रिपाठी द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

---

**संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने पर भोपाल में निकली संविधान दिवस पदयात्रा**

# देश का संविधान ही धर्मग्रन्थ है: मंत्री विश्वास सारंग

**विजय मत, भोपाल**

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि हमारे देश का संविधान ही धर्मग्रन्थ है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का साधुवाद करते हुए कहा कि सम्पूर्ण देश में आज संविधान दिवस पर पद यात्रा का आयोजन कर हम सबको प्रेरणा दी है कि लोकतंत्र में आज हम आजाद हिन्दुस्तानी के नाते जी रहे है। मंत्री सारंग शौर्य स्मारक में संविधान दिवस पद यात्रा के शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

### शक्तिशाली हिन्दुस्तान बनाने का संकल्प

मंत्री सारंग ने कहा कि वर्षों की गुलामी के बाद हजारों क्रांतिकारियों की कुर्बानी के बाद से हमें आजादी




मिली है। आजादी के बाद किस व्यवस्था के तहत कार्य होगा। हमारा संविधान, नियम, कायदें क्या होंगे इसको लेकर गहन चिंतन हुआ और बाबा साहेब के नेतृत्व में संविधान सभा में संविधान बनाया गया। मंत्री सारंग ने बाबा साहेब के प्रति कृतज्ञता और नमन करते हुए कहा कि उन्होंने सबसे बड़े लोकतंत्र का संविधान बनाया। आज के ही दिन वर्ष 1949 में यह संविधान बनकर तैयार हुआ और 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। आज हम सब संविधान भावनाओं को संकल्प के रूम में ग्रहण करके आजाद हिन्दुस्तान को शक्तिशाली हिन्दुस्तान बनाने के संकल्प के साथ पद यात्रा में शामिल हो रहे है। यह शौर्य स्मारक शूरवीर की शाहदत का प्रतीक है।

***यह रहे आकर्षण का केन्द्र...*** *देश के संविधान की प्रतिकृति वाहन में पद यात्रा के दौरान साथ रहीं। पुलिस बैंड की धुन पर पदयात्रा अग्रसर होती रही। पारम्परिक वेशभूषा में संस्कृति की झलक दिखलाते हुए स्कूली बच्चें भी पद यात्रा में शामिल हुए। इस भव्य आयोजन में खिलाड़ी कपिल परमार, ऐश्वर्य प्रताप सिंह, आर्शी चौकसे, साभारद्वाज, पर्वतारोही भगवान सिंह, ज्योति रात्रे भी शामिल हुई। पदयात्रा शुरू होने के दौरान पदयात्रा रोककर एम्बुलेंस को प्राथमिकता देकर निकलवाया गया। पद यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा की गई। पद यात्रा वन्दे मातरम्, हमारा संविधान-हमारी शान, भारत माता के जयकारों के साथ पूर्ण अनुशासन में निकाली गई।*

### बाबा साहेब के विचारों को करें आत्मसात

मंत्री सारंग ने बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करने को कहा। उन्होंने क्रांतिकारियों को नमन किया, जिन्होंने देश की आजादी के लिये अपना सर्वस्व निछावर किया। मंत्री सारंग ने युवाओं का आहवान किया कि भारत माता के लिये पूरी सिद्दत के साथ उन्हीं के लिये जीएंगे और जरूरत पड़ने पर तैयार रहेंगे। यह हिन्दुस्तान एक बार फिर विश्वगुरू के रूप में स्थापित हो। यहीं हमारा कर्त्तव्य ओर संकल्प है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव का संदेश

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का रिकार्डेड संदेश भी सुनवाया गया। साथ ही संविधान की प्रस्तावना का वाचन और राष्ट्रगान भी हुआ। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, विधायक रामेश्वर शर्मा और भगवानदास सबनानी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

---

# मध्य प्रदेश में रात का तापमान 6 डिग्री से नीचे गिरा

**भोपाल-जबलपुर समेत 10 शहरों में 10 डिग्री से कम**




**विजय मत, भोपाल**

मप्र में रात का टेम्प्रेचर 6 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। उज्जैन में सोमवार रात पारा एक डिग्री गिरकर 11.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। एक दिन ये 12.2 डिग्री था। इंदौर में पिछले 24 घंटों से ठंड ने असर दिखाना शुरू किया। सोमवार को दिन का तापमान 27.5 (-2) डिग्री और रात का तापमान 1 डिग्री लुढ़ककर 12.4 (-1) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सुबह विजिबिलिटी 1200 मीटर थी और मौसम साफ है। सबसे कम तापमान हिल स्टेशन पचमढ़ी में पारा 5.6 डिग्री रहा।

भोपाल, जबलपुर समेत 10 शहरों में रात का तापमान 10 डिग्री से कम है। मौसम विभाग, भोपाल की वैज्ञानिक शिल्पा आप्टे ने बताया, अगले 3 से 4 दिन तक कड़ाके की ठंड के आसार नहीं हैं।

### पहाड़ों में बर्फबारी से दिसंबर में कड़ाके की ठंड

मौसम विभाग के अनुसार, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बर्फबारी के कारण मध्यप्रदेश में ठंड का असर बढ़ा। अब हिमाचल प्रदेश में भी बर्फ गिर रही है। ऐसे में हवा की रफ्तार बढने का अनुमान है। ऐसा होता है तो दिसंबर के पहले सप्ताह से ही मध्यप्रदेश में कड़ाके की ठंड का दौर शुरू हो जाएगा, जो पूरे महीने बना रहेगा।

### भोपाल, जबलपुर में 10 डिग्री से नीचे तापमान

मौसम विभाग के अनुसार, रविवार-सोमवार की रात भोपाल, जबलपुर में टेम्प्रेचर 10 डिग्री सेल्सियस से कम रहा। भोपाल में यह 9.6 डिग्री और जबलपुर में 9.9 डिग्री दर्ज किया गया। पचमढ़ी में 5.6 डिग्री, शहडोल के कल्याणपुर में 7.3 डिग्री, मंडला में 7.8 डिग्री, शाजापुर के गिरवर में 8.6 डिग्री, उमरिया में 9.3 डिग्री, राजगढ़ में 9.6 डिग्री और नौगांव में तापमान 9.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

---

# दृष्टिकोण और लक्ष्यों को एकीकृत करने हुई विजन एमपी@2047 कार्यशाला

**शिक्षा और कौशल विकास पर केन्द्रित रही चर्चा**

**विजय मत, भोपाल**

शिक्षा और कौशल विकास पर केंद्रित एक उच्च स्तरीय कार्यशाला मंगलवार को भोपाल के वल्लभ भवन में विज़न एमपी@2047 पहल के तहत किया गया। उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव अनुपम राजन की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और विभिन्न हितधारकों ने मध्यप्रदेश में शिक्षा और कौशल विकास के ढांचे को सशक्त बनाने के लिए बदलावकारी रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया। महिला एवं बाल विकास के प्रमुख सचिव श्रीमती रश्मि अरुण शमी, सचिव तकनीकी शिक्षा,



रघुराम राजेंद्रन, सचिव स्कूल शिक्षा, संजय गोयल, आयुक्त उच्च शिक्षा निशांत वरवड़े और आयुक्त आदिवासी विकास श्रीमन शुक्ला सहित राज्य नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ऋषि गर्ग, राज्य नीति आयोग और बीसजी के अधिकारी उपस्थित थे। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षा और कौशल विकास के लिए विज़न एमपी@2047 के तहत दृष्टिकोण और लक्ष्यों को एकीकृत करना है। चर्चा की थीम विभिन्न शैक्षणिक स्तरों पर सकल नामांकन अनुपात (तश्वत्र) में मौजूदा महत्वपूर्ण अंतर को पाटने और जनजातीय एवं ग्रामीण आबादी थी। प्रतिभागियों ने स्कूलों और उच्च शिक्षा संस्थानों में कौशल-आधारित शिक्षा को एकीकृत करने और मिशन अंकुर और सीएम राइज़ स्कूल जैसी पहलों के माध्यम से बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता को बढ़ावा देने के लिए रणनीतियों पर भी चर्चा की।

---

**सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के खिलाफ जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई**

# रामजानकी मंदिर ट्रस्ट की लगभग पौने 9 बीघा बेशकीमती जमीन से हटाए अतिक्रमण

**विजय मत, भोपाल**

ग्वालियर शहर के बीचों बीच तारागंज कोटा लश्कर स्थित रामजानकी मंदिर ट्रस्ट की लगभग पौने नौ बीघा सरकारी जमीन को जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। राज्य शासन के निर्देशों के पालन में मंदिरों से जुड़ी सरकारी जमीन (माफी औकाफ) को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए जिले में चलाई जा रही विशेष मुहिम के तहत यह कार्रवाई की गई है। इस बड़ी कार्रवाई में मुक्त कराई गई सरकारी जमीन की कीमत लगभग 100 करोड़ रूपए आंकी गई है।



जिला प्रशासन, नगर निगम एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने इस जमीन को घेरने के लिये अवैध रूप से बनाई गई बाउण्ड्रीवॉल एवं अन्य अतिक्रमण जेसीबी मशीन एवं नगर निगम के मदाखलत दस्ते की मदद से ध्वस्त कराए। कलेक्टर श्रीमती रूचिका चौहान ने रामजानकी मंदिर ट्रस्ट की जमीन के निरीक्षण दौरान मंदिर से जुड़ी माफीं औकाफ की जमीन पर अतिक्रमण करने के लिये अवैध रूप से बनाई गई बाउंड्रीवॉल सामने आई थी। कलेक्टर ने बाउंड्रीवॉल बनाने वाले के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर और अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। इस परिपालन में गत शनिवार को यह कार्रवाई की गई है। इस जमीन पर मनोहर लाल भल्ला द्वारा बाउण्ड्रीवॉल बनाकर प्लॉट बेचने की तैयारी की जा रही थी। जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई कर न केवल बेशकीमती सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया, बल्कि बहुत से भोले भाले लोगों को प्लॉट की जालसाजी में फँसने से बचाया है।

---

**खास-खबर** **पीवीटीजी के सपने साकार कर रही पीएम जन-मन योजना**

# अपने नाम का अपना घर, किसी सपने से कम नहीं

**विजय मत, भोपाल**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा समाज के सबसे कमजोर आय वर्ग के लोगों को सशक्त बनाने के लिए शुरू की गई पीएम जन-मन योजना उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लेकर आई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर एवं पिछड़े जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। छिंदवाड़ा जिले के तामिया ब्लॉक के भारियाढाना गांव की श्रीमती प्रमिला पति संजय भारती को इस योजना का भरपूर लाभ मिला है। प्रमिला मध्यप्रदेश की विशेष पिछड़ी भारिया जनजाति से हैं। वे अपने परिवार के साथ बड़ी विपरीत परिस्थितियों में जीवन-यापन कर रही थीं। परिवार में पांच सदस्य हैं। दिहाड़ी मजदूरी ही उनके परिवार का मुख्य आय स्रोत था और न्यूनतम आय में उनका जीवन बेहद कठिन था। श्रीमती



प्रमिला भारती और उनके परिवार को इसी योजना से कई लाभ मिल रहे हैं, जिनसे उनका जीवन अब बेहद खुशहाल हो गया है। परिवार के पास आधार कार्ड, समग्र आईडी, जाति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड जैसे सभी जरूरी दस्तावेजों सहित जन-धन बैंक खाता भी है। इनकी मदद से उन्हें शासन की सभी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल रहा है।

योजना के तहत सबसे पहले उन्हें एक पक्का मकान मिला। पहले उनके पुराने (मिट्टी और बांस से बने) कच्चे मकान में बारिश में पानी टपकता था और दीवारें भी अत्यंत कमजोर थीं। बारिश भीगते हुए और सर्दी कंपकपाते हुए बीतती थी। पक्की छत वाले मकान के रूप में अब उनके परिवार को एक स्थायी, मजबूत और सुरक्षित आवास मिल गया है।

पहले चूल्हे पर लकड़ी जलाकर धुंए में खाना पकाने से उन्हें स्वास्थ्य समस्याएं होती थीं। लेकिन उज्ज्वला योजना से गैस कनेक्शन मिलने से उनके जीवन में बड़ा बदलाव आया। अब वे साफ-सुथरे वातावरण में भोजन बनाती हैं और गैस सिलेंडर रिफिल के लिए उन्हें सब्सिडी भी मिलती है। परिवार के सभी सदस्यों के जाति प्रमाण पत्र बन जाने से प्रमिला को अपने बच्चों की शिक्षा में भी उन्हें भरपूर मदद मिल रही है। एमपीटास पोर्टल पर प्रोफाइल बनने के बाद दोनों बच्चों को एसटी छात्रवृत्ति का लाभ मिला। इससे उनके शिक्षा संबंधी खर्चों का भार भी कम हुआ। पीएम जन-धन योजना से परिवार का बैंक खाते खोलने से उन्हें भारिया पोषण आहार योजना के तहत हर महीने पोषण आहार के लिए राशि सीधे खाते में मिल रही है। साथ ही आयुष्मान कार्ड मिलने से उनके परिवार को अब पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा भी मिल गई है। पीएम जन-मन योजना के कारण श्रीमती प्रमिला भारती और उनके परिवार को वे सभी सुविधाएं मिल रही हैं, जिनकी उन्हें लंबे समय से आस थी। शासकीय योजनाओं का सीधा और समग्र लाभ मिलने से उनका जीवन स्तर बेहतर हो गया है।

---

# बोर्ड परीक्षाओं में नकल रोकने के पुख्ता इंतजाम

## सीसीटीवी, इंटरनेट होने पर ही बनेगें 4 हजार परीक्षा केंद्र

**विजय मत, भोपाल**

फरवरी में शुरू होने जा रही बोर्ड परीक्षाओं को लेकर पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। नकल रोकने के लिए परीक्षा केंन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरा और इंटरनेट जैसी सुविधाएं होना जरूरी किया गया। प्रदेश भर में 4 हजार से अधिक परीक्षा केंद्र बनाए जा रहे हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल 10वीं 12वीं की परीक्षाएं फरवरी माह में शुरू होने जा रही है इससे पहले शिक्षा विभाग स्कूलों में नकल रोकने के पुख्ता इंतजाम कर रहा है। प्रदेश भर में करीब 4000 से ज्यादा परीक्षा केंद्र बनाए जा रहे हैं। खास बात यह है कि शिक्षा विभाग ने इस बार अधिकारियों को साफ निर्देश दिया है कि सभी सुविधाएं होने पर ही परीक्षा केंद्र बनाया जाए। इसकी जिम्मेदारी जिला पंचायत सीईओ को दी गई है। इन सुविधाओं में मुख्य रूप से फर्नीचर, पेयजल, शौचालय, बिजली, इंटरनेट, सीसीटीवी कैमरों की सुविधा होना अनिवार्य बताया गया है।

गौरतलब है कि 10वीं व 12वीं की परीक्षाएं आगामी 25 फरवरी से शुरू हो जाएंगी। इन परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए बोर्ड ने प्रत्येक केंद्र पर अधिकतम 250 परीक्षार्थियों को ही शामिल करने के निर्देश दिये हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को केंद्र तय करने की जिम्मेदारी दी गई है। वे जिला शिक्षा अधिकारी और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के साथ प्रस्तावित केंद्रों में खुद जाकर सुविधाएं देखेंगे। उनके अनुमोदन के साथ यह प्रस्ताव माध्यमिक शिक्षा मंडल को भेजा जाएगा। यहां से मंजूरी मिलने के बाद ही परीक्षा केंद्रों पर मुहर लगेगी। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि कई बार मंडल में शिकायत मिली है कि केंद्रों पर परीक्षार्थियों की संख्या अधिक होने के कारण परेशानी होती है। वे एक साथ बैठ जाते हैं और नकल होने लगती है। बेंच व डेस्क पर जगह नहीं होने के कारण विद्यार्थियों को नीचे बैठाया जाता था, जिससे समुचित निगरानी करना संभव नहीं हो पाती। इस कारण इस बार निजी स्कूलों में अधिक केंद्र बनाए जाएंगे। माध्यमिक शिक्षा मंडल इस बार बोर्ड परीक्षा में नकल रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। बोर्ड एप के जरिए सीधे परीक्षा केदो और उड़ान दसों पर निगरानी करेगा। दअरसल अभी तक अलग-अलग स्तर पर उड़नदस्ते बनाए जाते थे।

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

# बेटी हर परिवार की शान होती हैं, कुल का मान होती हैं और पिता की जान होती है

**किशन सनमुखदास भावनानी**

वर्तमान प्रौद्योगिकी डिजिटल युग में जहां बेटियों का हर क्षेत्र में वर्चस्व गंभीरता से बढ़ता जा रहा है एवं हर क्षेत्र में बेटियां बेटों से आगे बढ़ते जा रही है, वही आज भी समाज में बेटियों को उस नजर से नहीं देखा जाता जिस नजर से बेटों को देखा जाता है। कठोर कानून होने के बावजूद आज भी अंदर खाने लड़कियों को गर्भ में ही समाप्त करने की घटनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता जिसमें प्रबुद्ध नागरिकों सहित चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े कुछ लोगों का भी हाथ हो सकता है जो मानवता पर धिक्कार है। 2011 की जनगणना के अनुसार भी भारत में लिंगानुपात 918/1000 तब तक की सबसे कम रहा था। मेरा मानना है कि यह एक गंभीर सामाजिक बुराई है जिसे हम सबने सामूहिक प्रयास से जनभागीदारी से समाप्त करने की ओर कदम उठाना होगा। जिसमें मेरा सुझाव है कि हर व्यक्ति को अपनी वित्तीय परिस्थिति के अनुसार अपनी बेटी के जन्मदिन को कन्या उत्सव के रूप में भले ही घर में बनाए केक से ही मनाना चाहिए। हालांकि अनेक लोग मनाते भी हैं परंतु यह संदेश उन लोगों के लिए भी एक जागरूकता लाने का प्रयास है, जो नहीं मनाते हैं क्योंकि हमें याद रखना होगा कि जिंदगी में बेटी का होना जीवन की सबसे बड़ी खुशियों में से एक है। बेटी मां लक्ष्मी का दूसरा रूप है। चूंकि आज हम बेटियों का जन्मदिन गौरवपूर्ण ढंग से मनाने की बात कर रहे हैं, इसीलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,बेटी हर घर की शान होती हैं, कुल का मान होती हैं और पिता की जान होती है। आओ बेटियों के जन्मदिन को कन्या का उत्सव के रूप में मनाएं।



साथियों बात अगर हम बेटी के जन्मदिन को कन्या का उत्सव के रूप में मनाने की करें तो इसकी शुरुआत हम सब ने अपने घर से करनी होगी और फिर इसके बाद ग्राम पंचायत, जिला परिषद, संसदीय क्षेत्र तक उत्सव मनाने की जरूरत है, जो बेटियों को उनके जन्मदिन का सबसे बड़ा तोहफा होगा। मैंने रिसर्च के दौरान पाया कि देश की अनेकों ग्राम पंचायतों में बेटियों के जन्मदिन को उत्सव के रूप में मनाए जाते हैं जो तारीफे काबिल है।जिसकी नजीर देश की हर ग्राम पंचायत को लेने की ज़रूरत है, जो देश की एक मिसाल बन सके।

साथियों बात अगर हम बेटी के जन्मदिन को कन्या उत्सव के रूप में भव्यता से मनाने की करें तो मुझे मीडिया में एमपी के विदिशा के बारे में पढ़ कर बहुत खुशी हुई कि, 21वीं सदी के भारत में जहां आज भी देश के कई इलाकों में बेटियों के जन्म पर खुशियां नहीं मनाई जातीं वहीं एमपी के विदिशा में कुछ महीनें पहले एक परिवार ने बेटी के जन्म पर ऐसा जश्न मनाया कि हर कोई देखता रह गया। ऐसी नजीर पेश की कि शहर के लोग परिवार की प्रशंसा करते थकते नहीं नजर आ रहे हैं। एक घर में पहले बच्चे के रूप में बेटी का जन्म हुआ, जिसकी खुशी उन्होंने खूब धूमधाम से मनाई।अस्पताल में बेटी के जन्म के बाद पूरा परिवार बेहद खुश था। अपनी इस खुशी में समाज को और अपने शहर को शामिल करने के लिए उन्होंने ऐसा जश्न मनाया कि पूरे शहर के साथ एमपी भी गौरवान्वित हुआ। अस्पताल से छुट्टी कराकर घर ले जाते वक्त उन्होंने ढोल नगाड़ों के साथ बग्गी में बिठाकर अपनी पत्नी को बिल्कुल वैसा ही अनुभव कराया जैसे जब वह उन्हें ब्याह कराकर अपने घर लाए थे, उन्होंने बकायदा बारात निकाली। बच्ची के जन्म से खुश पूरे परिवार की महिलाओं और पुरुषों ने पगड़ी पहनी थी। अपनी प्रथम संतान के रूप में बच्ची के जन्म से बेहद खुश थे। उनका कहना था कि हर बच्ची के भाग्य में पिता जरूर है लेकिन हर पिता के भाग्य में जरूरी नहीं कि बच्ची हो। हमारा पूरा परिवार बेहद खुश है और खुशी के इस मौके का इजहार करने के लिए हमने ढोल बाजे के साथ घर की लक्ष्मी का स्वागत किया है। मेरा मानना है इसका अनुसरण देश के हर नागरिक को करने की जरूरत है, ऐसे मौके पर जब सड़क से लेकर संसद तक लड़कियों की सुरक्षा पर चिंता जताई जा रही है। बच्चियों के माता-पिता महिलाओं के साथ होते जा रहे अत्याचारों से चिंतित हैं। ऐसे समय में आई यह तस्वीर दिल को सुकून देने वाली है।

साथियों बात अगर हम हर वर्ष बेटी दिवस मनाने की करें तो, हर वर्ष सितंबर माह के चौथे रविवार को हैप्पी डाटर्स डे यानी बेटी दिवस सेलिब्रेट किया जाता है। यह दिन सभी तरीकों से बहुत खास होता है। बेटी दिवस मनाने का मुख्य कारण यह है की बेटियों को इस बात की महत्वता समझायी जाये की वह किसी क्षेत्र या किसी से कमतर नहीं है। हमारे यहाँ डॉटर्स डे हर साल बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है, इस दिन हमारे घर की सभी बेटियों को स्पेशल फील करवाया जाता है और हम उन्हें प्यारे प्यारे तौह्फे भी देते है। अब क्यों ना हम अपनी बेटियों को सराहे। बेटी हर घर की शान होती हैं, कुल का मान होती हैं और पिता की जान होती है। एक बेटी अपने अंदर दो ह्रदय रखती है, एक ह्रदय में खुद की भावनाओं को संजोती है तो दूसरे में सबकी चिंता। बेटी वह घर से कितनी भी दूर हो लेकिन उसका दिल अपनो की चिंता करना नहीं भूलता है। वैसे हर पिता को अपनी बेटी से प्यार होता है, उसकी बेटी उसके लिए परी होती है किन्तु पिताओं को अपनी भावनाओं को छुपाना आता है,बेटी को एहसास दिलाना हर पिता का कर्तव्य है कि बेटी आगे बढ़ो तुम्हारा पिता तुम्हारे साथ है, बेटी खुश रहो हर खुशी तुम्हारे लिए।लड़कियां किसी की मां, पत्नी और बहन हैं फिर बेटियों की जरूरत क्यों नहीं है। बेटियां घर परिवार की रौनक है आज बेटियां पढ़ाई में नाम कमाती है, खेल की दुनिया में निशाना लगाती है। आज बेटियों को आसमान में पक्षियों की तरह उड़ना आ गया है, आज बेटियों को जल में मछली की तरह तैरना भी आ गया है फिर भी हम उन्हें तुलनात्मक जीवन जीने पर मजबूर क्यों करते हैं? मैंने खुद ने अपनी आंखों से घर में देखा है कि बेटियों का जब जन्मदिन मनाते हैं तो कितना खुश होती है है हमारी बेटियां!

साथियों बात अगर हम बेटियों का जन्म दिवस मनाने की करें तो, जन्मदिन का केक पारंपरिक रूप से सजाया जाता है, और आम तौर पर प्रस्तुत किए जाने के समय छोटी मोमबत्तियों से सजाया जाता है। मोमबत्तियों की संख्या जो जश्न मनाने वाले की उम्र को दर्शाती है। जिस व्यक्ति का जन्मदिन है, अक्सर वह मन में कुछ इच्छा करने के बाद मोमबत्तियां फूँक कर भुझाते है। उसके बाद, व्यक्ति अपने तोहफ़े खोल सकता है। कई देशों में हैप्पी बर्थ डे टू यू (जन्मदिन मुबारक हो) गीत पारंपरिक रूप से गाया जाता है। इसी तरह के गीत अन्य भाषाओं में मौजूद हैं। यह गीत जन्मदिन पर इस्तेमाल किया जाने वाला एक सामान्य ग्रीटिंग है, साथ ही ग्रीटिंग कार्ड और मौखिक शुभकामनाएं जैसे संदेश के साथ मैं आपको जन्मदिन की शुभकामनाएं देता हूं या जन्मदिन मुबारक हो इसका प्रयोग किया जाता है। बेटियां घर की शान होती हैं। कहा, जाता है कि जिस घर में बेटी का जन्म होता है, उस घर में खुद माता लक्ष्मी का वास होता है और इस वजह से केवल घर ही नहीं बल्कि समाज में भी बेटियों की अपनी खास जगह है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

> अगर हम अपने आसपास ही देखेंगे तो रिश्तेदारी, घर,पड़ोस में लड़की हुई हो तो इतनी ख़ुशी नहीं दिखती। परंतु जब लड़का हुआ हो तो चारों तरफ ढोल पताशे, मिठाइयां, रिश्तेदारों को तुरंत फोन, लड़का हाथों में आने पर सबसे पहले उसकी फोटो सोशल मीडिया तथा रिश्तेदारों में, व्हाट्सएप ग्रुप में भेज दी जाती है। जच्चा बच्चा के अस्पताल से घर आने पर पटाखों की लड़ियां और डीजे का इंतजाम किया जाता है। घर में बड़ा फंक्शन किया जाता है। छठी या बारसे पर पार्टी के नाम पर हजारों, लाखों फूक दिए जाते हैं। परंतु लड़की होने पर सबके मुंह बंद रहते हैं यहां तक कि रिश्तेदारी या पास पड़ोस में भी पता नहीं चलता कि लड़की कब हुई और फ़िर हैरानी की बात है,दूसरी या तीसरी भी लड़की सिजरिंग से हुई तो दूर-दूर तक चुप्पी छा जाती है ऐसा क्यों ? यह सब परिस्थितियां हम अपने आस-पड़ोस में भी बड़ी आसानी से देख सकते हैं और बेटियों बेटो में फर्क बड़ी आसानी के साथ महसूस कर सकते हैं।

## पाकिस्तान में इमरान के लिए प्रदर्शन और राजनीतिक संकट

पाकिस्तान में राजनीतिक संकट खड़ा हो जाना आश्चर्यजनक बात नहीं है। फिलहाल दुनियां में जिस तरह की उथल-पुथल मची हुई है, उस स्थिति में पाकिस्तानी आवाम का सड़कों पर उतर आना वाकई चिंता की बात है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को रिहा किए जाने की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ जारी विरोध प्रदर्शन अपने चरम पर है। हिंसक प्रदर्शन के बीच करीब 6 लोगों की मौत होने की भी खबर है। यह प्रदर्शन देश ही नहीं बल्कि पड़ोसी मुल्कों समेत अमेरिका तक को सोचने पर मजबूर कर रहा है। पड़ोसी देश इसलिए चिंतित होते हैं क्योंकि पाकिस्तान में हिंसा होने के बाद सीमा पर घुसपैठ जारी हो जाती है। इससे निपटने के लिए सीमा पर अलर्ट रहना होता है। बहरहाल पाकिस्तान में इमरान समर्थक बड़ी संख्या में सड़क पर उतर कर सरकार के खिलाफ विरोध कर रहे हैं। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) कार्यकर्ताओं ने आंदोलन को असरकारी बनाने के लिए इस्लामाबाद कूच किया, इससे हिंसा और टकराव की घटनाएं सामने आई हैं। इमरान की पत्नी बुशरा बीबी पहले ही ऐलान कर चुकी हैं कि पति की रिहाई तक इस्लामाबाद में जमी रहेंगी। इससे जनता और सरकार में टकराव की स्थिति बनती जा रही है। इसके चलते शहबाज सरकार ने सुरक्षा के मद्देनजर इस्लामाबाद को रेड जोन घोषित कर प्रदर्शनकारियों को हद में रहने का संदेश दे दिया है। रेड जोन एरिया में प्रधानमंत्री आवास, संसद और दूतावास समेत महत्वपूर्ण सरकारी दफ्तरों को शामिल किया गया है। पाकिस्तानी सेना की तैनाती कर दी गई है और सरकार ने आदेश जारी किया है कि अगर किसी प्रदर्शनकारी को रेड जोन के अंदर देखा गया तो उसे गोली मार दी जाएगी। खास बात यह है कि मौजूदा प्रदर्शन के दौरान करीब 30,000 से ज्यादा इमरान समर्थक राजधानी में मौजूद हैं। प्रदर्शनकारियों के हिंसक होने की वजह से कई स्थानों पर झड़पें भी हुई हैं, और इसमें जहां करीब आधा दर्जन लोगों के मारे जाने की खबर है तो वहीं एक पुलिसकर्मी की मौत की भी खबर आई है। ऐसे में कब स्थिति विस्फोटक हो जाए कहा नहीं जा सकता है।

**नोट**

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

## अवसाद से रहना है दूर तो पियो दूध

**डॉ. शंकर सुवन सिंह**

दूध एक संपूर्ण आहार है जो स्वस्थ दुधारू पशुओं के लैक्टियल स्राव से प्राप्त होता है। दुधारू पशुओं के ब्याने से 15 दिन पहले और ब्याने के 5 दिन बाद ही दूध का उपयोग होता है। दूध में मौजूद संघटक हैं- पानी, ठोस पदार्थ, वसा, लैक्टोज, प्रोटीन, खनिज वसा विहिन ठोस। अगर हम दूध में मौजूद पानी की बात करें तो सबसे ज्यादा पानी गधी के दूध में 91.5 प्रतिशत होता है, घोड़ी में 90.1 प्रतिशत, मनुष्य में 87.4 प्रतिशत, गाय में 87.2 प्रतिशत, ऊंटनी में 86.5 प्रतिशत, बकरी में 86.9 प्रतिशत होता है। दूध में कैल्शियम, मैग्नीशियम, ज़िंक, फास्फोरस, आयोडीन, आयरन, पोटैशियम, फोलेट्स, विटामिन- ए, विटामिन- डी, राइबोफ्लेविन, विटामिन बी-12, प्रोटीन आदि मौजूद होते हैं। गाय के दूध में प्रति ग्राम 3.14 मिली ग्राम कोलेस्ट्रॉल होता है। पुराणों में दूध की तुलना अमृत से की गई हैं, जो शरीर को स्वस्थ मजबूत बनाने के साथ-साथ कई सारी बीमारियों से बचाता है। गाय का दूध आंतरिक पित्त-संबंधी समस्याओं जैसे की सीने में जलन, अल्सर और त्वचा पर चकत्ते को कम करने में मदद करता है। आयुर्वेद के अनुसार , वयस्कों को रात को सोने से पहले दूध पीना सबसे अच्छा बताया गया है। जबकि बच्चों को सुबह ही दूध पी लेना चाहिए। रात को सोने से पहले दूध पीने वाले व्यक्ति का ओजस बढ़ता है। पूर्ण या उचित पाचन की अवस्था ओजस कहलाती है। वहीं, गाय का दूध विटामिन का एकअच्छा स्रोत है। गाय का दूध मेलाटोनिन का समृद्ध स्रोत है। मस्तिष्क में स्थित पीनियल ग्रंथि एक छोटी अंतःस्रावी ग्रंथि है जो मेलाटोनिन हार्मोन को स्रावित करती है। यही मेलाटोनिन हार्मोन नीद को बढ़ावा देने में सहायक होता है। वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर सर्दियों के दौरान, कुल दैनिक दूध में मेलाटोनिन की सांद्रता, औसतन, गर्मियों की तुलना में 74.7 प्रतिशत अधिक होती है। अतएव सर्दियों में दूध का पीना और ज्यादा फायदेमंद है। दूध में ट्रिप्टोफैन नामक एमिनो एसिड पाया जाता है। सेरोटोनिन और मेलाटोनिन के उत्पादन में ट्रिप्टोफैन महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सेरोटोनिन एक न्यूरोट्रांसमीटर है जो मनोदशा (मूड), संज्ञानात्मक तर्क और स्मृति को प्रभावित करता है। दिन में दुही गई गायों की अपेक्षा रात्रि में दुही गई गायों से एकत्रित किया गया दूध ट्रिप्टोफैन के अलावा इसमें मेलाटोनिन की भी भरपूर मात्रा होती है। अतएव हम कह सकते हैं कि दूध पीने से तनाव और अवसाद दूर रहता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

# संभल हिंसा से सुलगते सवालों का जवाब आखिर कौन देगा?

**कमलेश पांडे**

उल्लेखनीय है कि संभल के कैला देवी मंदिर के ऋषिराज गिरी समेत आठ वादियों ने सिविल जज सीनियर डिविजन आदित्य कुमार सिंह की चंदौसी स्थित कोर्ट में इस बाबत एक वाद दाखिल किया है। जिसके दृष्टिगत कोर्ट ने कमिशन गठित कर रिपोर्ट मांगी है। कहते हैं कि लम्हों ने खता की और सदियों ने सजा भुगती। भारत देश और भारतीय इसका जीता-जागता उदाहरण हैं। मुहम्मद बिन कासिम जैसे मुस्लिम आक्रांताओं और उनके अनुगामियों ने तलवार की नोंक पर भारत की देशज सत्ता हथियाने के बाद यहां की सनातन सभ्यता-संस्कृति के साथ जो खिलवाड़ किया, उसका हिसाब-किताब अब उनकी धर्मांतरित पीढ़ियों को देना पड़ रहा है। खासकर मंदिरों को ढहाकर जिन मस्जिदों का निर्माण किया गया, उनकी मुक्ति यानी जीर्णोद्धार का अभियान अब स्थानीय प्रशासन के गले की हड्डी बन चुकी है।

देखा जाए तो ऐसे मामलों में कभी आपसी विवाद, तो कभी न्यायिक आदेश के अनुपालन में सिविल व पुलिस प्रशासन को अपनी सक्रियता दिखानी पड़ती है, लेकिन कानून का राज स्थापित करने में उनकी विफलता से जब तब सांप्रदायिक दंगे भी भड़क जाते हैं जिससे धन-जन की भारी क्षति भी होती है। अतीत की बात यदि भुला दी जाए तो भी स्वतंत्र भारत की यह एक बड़ी चुनौती है, जबकि यह हिंदुओं के हिस्से का हिंदुस्तान है, क्योंकि मुस्लिमों को तो पाकिस्तान दे ही दिया गया, जिसका भाग ही बंगलादेश है।

लेकिन भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित करने के बजाय धर्मनिरपेक्ष देश घोषित करना, फिर वोट बैंक की राजनीति के तहत मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति अपनाना और आतंकवाद पर समझौतापरस्त रुख अपनाने की प्रतिक्रियाओं में उभरे राष्ट्रवाद व हिंदुत्व की जनभावना ने जब बदले की कार्रवाई शुरू की तो तथाकथित धर्मनिरपेक्ष ताकतों में खलबली मच गई। रामजन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद और उसके न्यायसंगत समाधान ने तथाकथित धर्मनिरपेक्ष नेताओं के सत्ता की चूलें हिला दीं और हर ओर उनका पतन हुआ। अब रामजन्मभूमि मुक्ति मिशन के पूरा होने के बाद न केवल मथुरा-काशी, बल्कि वैसे तमाम मंदिरों की मुक्ति के सवाल जनमानस में



सुलगने लगे हैं, जिन्हें बर्बरतापूर्ण कार्रवाई के बाद मस्जिदों में तब्दील कर दिया गया था। चूंकि इतिहास खुद को दुहराता है, इसलिए अब धीरे-धीरे पुराने गड़े मुर्दे उखड़ने लगे हैं, उखाड़े जाने लगे हैं। इसी कड़ी में उत्तरप्रदेश के संभल जनपद के सदर तहसील स्थित दीपा सराय की जामा मस्जिद को जब हिंदू पक्ष श्री हरिहर मंदिर होने का दावा कर रहे हैं और उनके इसी दावे के आधार पर कोर्ट ने जब मस्जिद के सर्वेक्षण का आदेश दिया था, तो फिर कानून के अनुपालन में कार्य कर रहे लोगों के विरुद्ध शांतिप्रिय समुदाय द्वारा बवाल काटने को न्यायसंगत नहीं ठहराया जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि संभल के कैला देवी मंदिर के ऋषिराज गिरी समेत आठ वादियों ने सिविल जज सीनियर डिविजन आदित्य कुमार सिंह की चंदौसी स्थित कोर्ट में इस बाबत एक वाद दाखिल किया है। जिसके दृष्टिगत कोर्ट ने कमिशन गठित कर रिपोर्ट मांगी है। इस मामले की अगली सुनवाई 29 नवंबर 2024 को होगी। हिंदू पक्ष के एक स्थानीय वकील गोपाल शर्मा ने बताया है कि, कोर्ट में दायर याचिका में बताया गया है कि बाबरनामा और आइन- ए-अकबरी ने पुष्टि की है कि उस स्थान पर हरिहर मंदिर था। मंदिर को मुगल सम्राट बाबर ने 1529 में ध्वस्त कर दिया था। लिहाजा इस मामले में उन्होंने कोर्ट में बाबरनामा और आइन-ए-अकबरी का संदर्भ दिया है, जिनसे साफ होता है कि वहां हरिहर मंदिर था। हिंदू पक्ष का कहना है कि मंदिर पृथ्वीराज चौहान के शासन से पहले बना था, जबकि मस्जिद मुगलकाल में मंदिर को तोड़कर बनाई गई थी। लिहाजा, महंत ऋषि राज गिरि महाराज आदि ने 19 नवंबर को सिविल कोर्ट में याचिका दायर कर सर्वे की मांग की थी। इस मामले में सिविल जज के कोर्ट में सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन मुख्य याचिकाकर्ता हैं। चूंकि चंदौसी स्थित सिविल जज सीनियर डिवीजन आदित्य कुमार सिंह की अदालत में वाद दाखिल किया था। इसलिए कोर्ट ने इसी याचिका पर 7 दिन में सर्वे रिपोर्ट मांगी है, जिसे 29 नवंबर को जमा करना है। कोर्ट कमिश्नर रमेश सिंह राघव के नेतृत्व में टीम ने 19 नवंबर की शाम को ही सर्वे की शुरुआत कर दी थी। रविवार को टीम सर्वे की प्रक्रिया आगे बढ़ाने के लिए दोबारा मस्जिद पहुंची थी।

मसलन, कोर्ट से सर्वेक्षण का आदेश जारी होने के बाद मंगलवार को जब पहली बार सर्वे हुआ, तब से ही मुस्लिम समुदाय में असंतोष फैलने लगा और उस दिन भी विरोध हुआ था। क्योंकि मुस्लिम पक्ष मान रहा है कि इस प्रक्रिया में जल्दबाजी की गई, उनको पर्याप्त समय या अवसर नहीं दिया गया। इसलिए सर्वेक्षण के दौरान मस्जिद के बाहर बड़ी संख्या में शांतिप्रिय समुदाय के लोग एकत्रित हो गए, जिससे स्थिति पहले तनावपूर्ण हुई, फिर अनियंत्रित हो गई। जिसे भारी मशक्कत के बाद नियंत्रित किया गया। बताया जाता है कि मस्जिद में आमतौर पर रविवार दोपहर में नमाज होती है। ऐसे में सर्वे करने वाली टीम को इससे पहले आने के लिए कहा गया था। सर्वे टीम के वकील विष्णु शंकर जैन ने बताया कि सुबह साढ़े 7 बजे टीम पहुंची और 10 बजे तक सर्वे चला। फिर हम जरूरी तस्वीरें और विडियो लेकर जब निकलने लगे तभी भीड़ ने घेर लिया। फिर सर्वेक्षण टीम को सुरक्षित निकालने के क्रम में जो कुछ हुआ, वह न केवल योगी सरकार बल्कि शांतिप्रिय समुदाय के लिए भी एक कलंक है। ऐसा इसलिए कि लखनऊ में बाजाप्ता एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि, संभल में एक गंभीर घटना हुई। चुनाव के बारे में चर्चा को बाधित करने के लिए सुबह जानबूझकर एक सर्वेक्षण टीम भेजी गई थी। इसका उद्देश्य अराजकता पैदा करना था, ताकि चुनावी मुद्दों पर कोई बहस न हो सके।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

## शब्द पहेली - 8200

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | ■ | 4 | 5 |
| | ■ | 6 | | ■ | 7 | 8 | ■ | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | ■ | 12 | 13 | |
| ■ | | ■ | 14 | | 15 | ■ | | ■ |
| 16 | | | | ■ | 17 | | | |
| ■ | | ■ | 18 | 19 | | ■ | | ■ |
| 20 | | 21 | ■ | | ■ | 22 | | 23 |
| | ■ | 24 | 25 | ■ | 26 | | ■ | |
| 27 | | ■ | | ■ | | ■ | 28 | |

**बाएँ से दाएँ**

1. उचित,गलत का विलोम-2
4. अधिकार-2
6. परछाई-2
7. सम्मान,प्रसिद्धि-2
9. उल्टी,कै,वमन-3
12. रंग (अंग्रेजी-3)
14. चंचल,फुर्तीला-3
16. भयभीत होना-4
17. फुर्तीलापन-4
18. बसंत काल-3
20. भ्रम,वहम-3
22. आश्रय,शरण-3
24. राजनीतिक पार्टी-2
26. शारीरिक ऊंचाई-2
27. गन्ना-2
28. शाखा,टहनी-2

**ऊपर से नीचे**

1. नमस्ते,आदाब-3
2. देह,बदन,तन-2
3. शराब,मदिरा-2
5. डोली उठानेवाले-3
6. पत्नी की छोटी बहन -2
8. वहम,संदेह-2
10. जरुरतमंद-5
11. नाग,सर्प-2
13. आनंदित होना -5
14. भारत से निकलने वाली नदी जो पाकिस्तान में खत्म होती है-3
15. ढीला,सुस्त-3
19. नुकसान,घाटा-2
20. सद्कार्य-3
21. नशा,सरुर,खुमार-2
22. ओहदा -2
23. भवन,कोठी-3
25. क्षण,पल-2
26. कलिका,फूल खिलने से पहले की स्थिति-2

**शब्द पहेली -8199 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | क | हा | नी | ■ | प | ती | ला | ■ |
| मा | ला | ■ | र | ■ | र | ■ | वा | दा |
| म | ■ | ■ | व | र | दा | न | ■ | ला |
| ला | य | क | ■ | न | ■ | म | न | न |
| ■ | ■ | र | मी | ■ | रॉ | की | ■ | ■ |
| सू | र | त | ■ | आ | ■ | न | श्त | र |
| री | ■ | ब | ह | का | ना | ■ | ■ | की |
| ला | ख | ■ | टा | ■ | ह | ■ | र | ब |
| ■ | र | वा | ना | ■ | क | ल | म | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 6985

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | |
| 8 | 4 | | | 6 | | 9 | | 5 |
| 5 | | 6 | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 1 | 5 | 6 | 3 | | | 9 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 3 | 6 | | | 9 | 7 | 1 | 4 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | 7 | | 6 |
| 9 | | 4 | | 7 | | | 2 | 1 |
| | | | 2 | | | | 8 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6984 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 7 | 1 | 9 | 5 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 1 | 7 | 5 | 4 |
| 4 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 6 | 5 | 9 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 6 |

## न्यूज इन शॉर्ट



### काँग्रेस भवन में मनाया गया संविधान दिवस

शहडोल। जिला काँग्रेस कमेटी शहडोल के जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता के निर्देशानुसार, मध्यप्रदेश काँग्रेस कमेटी के सचिव अजय अवस्थी के नेतृत्व मे जिला काँग्रेस द्वारा काँग्रेस भवन शहडोल मे संविधान दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर, धूप दीप प्रज्वलित किया गया।इस अवसर पर प्रदेश सचिव अजय अवस्थी ने कहा कि, संविधान नियमों और कानूनों का एक समूह है जो किसी देश के संचालन और नियंत्रण को विनियमित करता है। संविधान प्रारूप समिति के अध्यक्ष डा.भीमराव आंबेडकर की 125वीं जयंती पर 26 नवंबर 2015 को पहली बार देश में संविधान दिवस मनाया गया। जब देश में धर्म, संप्रदाय और वर्ग भेद में लिप्त ताकतें सामाजिक समरसता को ध्वस्त कर रही हों तब सर्वग्राही संविधान ही प्रत्येक व्यक्ति के सुरक्षा चक्र के रूप में उसके हितों को संरक्षित करता है। उक्त जानकारी जिला काँग्रेस कमेटी शहडोल के मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला ने प्रदान की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव अध्यक्ष अजय अवस्थी, जिला मुख्य प्रवक्ता पियूष शुक्ला, जिला महामंत्री शिव शंकर शुक्ला, ओबीसी कांग्रेस जिला अध्यक्ष सत्यनारायण साहू, कमलनाथ विचार मंच जिला अध्यक्ष शोएब अंसारी, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष राजेश सोधिया, एनएसयूआई नेता आशीष त्रिपाठी, शिक्षा एवं शिक्षक प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष रविंद्र मणि शुक्ला, ओबीसी कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष रमेश जायसवाल, ब्लॉक अध्यक्ष अक्षय साहू, दयाराम चौधरी एवं अन्य कांग्रेस जन उपस्थित रहे।



### जनता यूनियन एवं विद्युत कंपनी के बीच हुई वार्ता में कई समस्याओं के समाधान का आश्वासन

शहडोल। मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) पूर्व क्षेत्र जबलपुर तथा जनता यूनियन के मध्य द्विपक्षीय वार्ता संपन्न हुई। जिसमें विभिन्न कर्मचारी समस्याओं पर चर्चा की गई। चर्चा में मुख्य विषय पावर हाउस कॉलोनी शहडोल में गेस्ट हाउस का निर्माण,जो अगले दो-तीन दिन में प्रारंभ हो जाएगा। आउटसोर्स कर्मचारियो को 60 वर्ष तक सेवा में रखने, संविदा/ आउटसोर्स कर्मचारियों को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित माप दंडो के अनुसार नियमित करने,लंबित विभागीय जांचों का त्वरित निराकरण करने, लाइन कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने, सौभाग्य योजना में दोषी पाए गए अधिकारी कर्मचारी के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने एवं अन्य विभिन्न मुद्दों एवम कर्मचारी समस्याओं पर चर्चा हुई जिसका त्वरित निराकरण किए जाने का आश्वासन दिया गया। बैठक में जनता यूनियन की ओर से केडी द्विवेदी प्रांतीय अध्यक्ष,एसके तिवारी प्रांतीय सचिव, ओपी सोनी कार्यवाहक अध्यक्ष, आर जी त्रिपाठी, जेपी मिश्रा, जहमत लाल,अशोक पटेल आदि यूनियन पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### साइबर सेल द्वारा गुम मोबाइल वापस करवाकर आवेदक के चेहरे पर लाई मुस्कान

शहडोल। पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा गुम मोबाइल ढूंढने एवं



आवेदकों को खोए हुए मोबाइल वापस करने के लिए साइबर सेल को निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में साइबर सेल शहडोल द्वारा लगातार आवेदकों के गुम हुए फोन को ढूंढने और वापस करने की कार्यवाही की जा रही है। आवेदक धीरेन्द्र कोल निवासी हिरवार थाना पापौध द्वारा साइबर सेल एवं थाना पपोंध को अपने गुम मोबाइल की शिकायत की गई थी। साइबर सेल शहडोल द्वारा आवेदक के मोबाइल को ढूंढकर वापस करने की कार्यवाही की गई।

# चिकित्सा के प्रमुख संस्थान को ही इलाज की दरकार

## मेडिकल कॉलेजः प्रवेश द्वार के अतिक्रमण हटाने को लेकर जिम्मेदार बने बेपरवाह

**विजय मत, शहडोल।**

बिरसामुंडा चिकित्सा महाविद्यालय (मेडिकल कॉलेज) शासकीय शहडोल के मुख्य प्रवेश द्वार पर ही अतिक्रमण है, और जिम्मेदार बेपरवाह बने रहे। मेडिकल कॉलेज में प्रवेश और निकासी के लिए दो अलग-अलग द्वार बने हैं। इसमें प्रवेश द्वार पर अतिक्रमण कर दुकानों का संचालन हो रहा है। इसका नुकसान यह हो रहा है कि निकासी द्वार से ही वाहनों की आवाजाही हो रही है। जानकर ताज्जुब होगा कि प्रवेश द्वार पर अतिक्रमण कर संचालित दुकानों को हटाने के लिए मेडिकल कॉलेज के डीन द्वारा पूर्व में कई बार स्थानीय प्रशासन को पत्र लिखा गया है, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हुई।

### जिम्मेदार बने बेपरवाह

मेडिकल कॉलेज के गेट में अतिक्रमण को लेकर जिम्मेदार बेपरवाह बने हैं, वह अपने कर्तव्य का पालन नहीं कर रहे हैं और मेडिकल कॉलेज के सामने शहडोल नगर के लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर दुकानों का निर्माण किया गया है तथा दुकानों का संचालन किया जा रहा है। परंतु गेट में अतिक्रमण के कारण एम्बुलेंस तथा गंभीर मरीजों को आने-जाने में परेशानी होती है।



### दिन-ब-दिन बढ़ रहा अतिक्रमण

मेडिकल कॉलेज के गेट के पास धीरे-धीरे दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण बढ़ाया जा रहा है। कुछ वर्षों पूर्व वहां सिर्फ कुछ भी दुकान थे, अब लगभग दर्जन भर दुकान हो गए हैं। यहां दुकानदारों द्वारा बाजार से लगभग 2 गुना दाम पर मरीजों के परिजन को सामान बेचा जाता है। मजबूरी में मरीजों के परिजन वहां से सामान खरीदते हैं, पर मेडिकल कॉलेज प्रबंधन और प्रशासन को मरीजों के परिजन की मजबूरी नजर नहीं दिखती और सामान के एवज में मनमाना दाम वसूला जाता है।

### कर्मचारी के सह पर हो रहा अतिक्रमण

सूत्रों के अनुसार मेडिकल कॉलेज के गेट पर जो भी अतिक्रमण हो रहे हैं मेडिकल कॉलेज के कर्मचारियों के सह पर हो रहे हैं। मेडिकल कॉलेज के कर्मचारियों द्वारा दुकान संचालकों को बताया जाता है की मेडिकल कॉलेज के बाहर यह स्थान खाली है वहां पास में अपनी दुकान लगा सकता है और दुकान के बदले उनसे कुछ रुपए की डिमांड भी की जाती है। इसके पश्चात उनके द्वारा अतिक्रमण कर कर दुकान लगा दिया जाता है, और मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को इसका ख्याल तक नहीं है।

### प्रशासन बना मौन

अतिक्रमण को लेकर प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है?। बता दे की बीते दिनों अनविभागीय अधिकारी राजस्व सुहागपुर में कुछ आदेश जारी किए थे, परंतु उनके द्वारा भी कोई कार्यवाही अतिक्रमण के खिलाफ नहीं की गई। जिसके कारण दुकानदारों का हौसला और बुलंद हो गया और वह बेधड़क निडर होकर दुकान का संचालन कर रहे हैं और मरीजों के परिजन से मनमाना रुपए वसूल रहे हैं।

# मलबे से बजबजा रहा मोहनराम तालाब, जिम्मेदार बने अंजान

## मोहन राम तालाब वाले रास्ते में लगा रहता है माल वाहकों का जामावड़ा, करते हैं गांजे की तलब पूरा, खेला जाता है जुआ

**विजय मत, शहडोल।**

जिले का ऐतिहासिक धरोहर मोहन राम तालाब अपने ही दुर्दशा के आंसू बहा रहा है। छठ पूजा के पश्चात वहां के साफ सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था में किसी प्रकार की कोई ध्यान नहीं दिया गया, वह जस की तस स्थिति में पड़ा हुआ है। मोहन राम तालाब में छठ पूजा के पश्चात फेंकी गई कचरा आज भी बजबजा रही है। इसी प्रकार निर्मित कुण्ड मलबे से पटा बजबजा रहा है और उससे दुर्गंध उठ रही है। उल्लेखनीय है कि मोहनराम तालाब के सौंदर्याकरण के लिए नगरपालिका ने करोड़ों रुपए फूंके थे आज वही तालाब दुर्दशाग्रस्त हो रहा है। नगरपालिका स्वच्छता का ढपोलशंख बजाती है, लेकिन मोहनराम तालाब उसकी पोल खोल देता है।

### नगर पालिका के सारे दावे खोखले

नगर के अंदर स्वच्छता के नाम पर चाहे जितने अभियान चलें और जलाशयों की स्वच्छता को प्राथमिका से लेने के चाहे जितने दावे किए जाएं लेकिन यह सारे दावे तब खोखले साबित होते हैं जब नगर के प्रमुख और बड़े जलाशय भी गंदगी से पटे नजर आते हैं और इनसे प्रदूषण होने लगता है। वही एक ओर गंदगी है और दूसरी ओर वाहनों के जमावड़े से भी परेशानी हो रही है। मंदिर के समीप प्रकाश व्यवस्था भी लचर है, कहीं खंभों की लाइट जलती है तो कही बंद पड़ी है।



### जिम्मेदार बने उदासीन

कुण्ड कुछ ही दिनों में गंदगी से भर गया और पानी में गंदगी की सड़न लेने लगी, नगरपालिका आज भी इस कुण्ड से उदासीन है। जबकि कई बार उसका ध्यान सफाई के लिए दिलाया गया है। कुण्ड के समीप की कुर्सियां भी रखरखाव बिना टूट रहीं हैं।

### महीनो से नहीं हुई कुण्ड की सफाई


बताया गया कि जब तालाब का सौंदर्याकरण किया जा रहा था तब उस समय तालाब के पानी को स्वच्छ रखने के लिए लोहे से घेर कर उसी में एक कुण्ड बना दिया गया था। ताकि लोग पूजा की सामग्रियां उसमें विसर्जित कर सकें और नगरपालिका द्वारा हर सप्ताह इसमें काम लगाकर सरलता से कुण्ड की सफाई कर सकें। इससे तालाब का पानी स्वच्छ रहेगा और लोगों को भी सहूलियत होगी। लेकिन सौंदर्याकरण के बाद और कुण्ड के चालू हो जाने के बाद से लोगों ने उसमें पूजन सामग्री विसर्जन करना तो चालू कर दिया लेकिन नगरपालिका उसमें सफाई करने नहीं आई।

### मालवाहकों का रहता जमावड़ा

मंदिर परिसर में मालवाहकों का जमावड़ा रहता है, यहां चौबीसो घंटे वाहन प्रांगण की जगह घेरे खड़े रहते हैं। जिससे श्रद्धालुओं के आने जाने में असुविधा होती है। यही नहीं वाहनों के खलासी, ड्रायवर उनसे अभद्रता भी करते हैं। यहां वाहनों के आपरेटरों ने पार्किंग जोन बना रखा है जबकि उन्होने मंदिर ट्रस्ट से अनुमति लेने की भी आवश्यकता नहीं समझा। वाहनों के जमावड़े से शोर तो होता ही है प्रदूषण भी होता है।

### छिपकर लोग गांजे की तलब करते हैं पूरी,

कई बार यातायात विभाग और प्रशासन से मांग की गई कि अनाधिकृत रूप से खड़े इन वाहनों को यहां से खदेड़ा जाए और उन पर कार्रवाई की जाए साथ ही प्रांगण को सुरक्षित कराया जाए। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। बता दें कि है कि इन्ही वाहनों में छिपकर लोग गांजे की तलब भी पूरी करते हैं और जुआ भी खेला जाता है। पुलिस द्वारा इन वाहनों की जांच पड़ताल की जानी आवश्यक है।



### थाना सीधी पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका दस्तयाब

शहडोल। पुलिस अधीक्षक द्वारा लंबित गुमशुदगी नाबालिग बालक-बालिका के प्रकरणों की समीक्षा की गई थी। जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक प्रकरणों का आवलोकन कर थाना प्रभारियों को दस्तयाबी हेतु समुचित निर्देश दिये गए थे, जिसके तारत्म्य मे शहडोल पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका की दस्तयाबी की गई। सीधी थानान्तर्गत 15 वर्षीय नाबालिग बालिका को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने की गुमशुदा रिपोर्ट परिजनों द्वारा दर्ज करायी गई थी। जिस पर सीधी पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जिसके उपरांत सीधी पुलिस द्वारा परिजनों से महत्तवपूर्ण जानकारी इकट्ठा कर पतासाजी की गई एवं सूचना मिलने पर दस्तयाबी हेतु तत्काल रवाना हुए। नाबालिग बालिका को स्थानीय ग्राम जगड़ा, थाना सीधी, शहडोल से दस्तयाब कर सही सलामत परिजनों को सुपुर्द किया।

# रिहायशी इलाके में बाघ का मूवमेंट, ग्रामीणों में दहशत का माहौल



**विजय मत, शहडोल।**

जिले से सेट जंगली क्षेत्र में पिछले दो दिन से बाघ का मूवमेंट देखा जा रहा है। इसी बीच बाघ के रिहायशी इलाके में मूवमेंट से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वन विभाग लगातार आसपास घेरा बनाकर बाघ पर नजर बनाए हुए है। इसके साथ ही लोगो से घर मे रहने की अपील की जा रही है।

नौगढ़ बीट के चाका गांव में बाघ का मूवमेंट होने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। इसी बीच सोमवार की दोपहर को बाघ जंगल से होते हुए चाका गांव रिहायशी इलाके के खेतों में घुस गया। बाघ को देखते ही ग्रामीणों में चीख निकल पड़ी। वहीं आस पास लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों की भीड़ देख बाघ खेतों और झाड़ियों में जाकर छुप गया है।

ग्रामीणों ने मामले की सूचना वन विभाग को दी। इसके बाद मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने ग्रामीणों से घर पर रहने की अपील की। साथ ही वह विभाग ने लोगों को जंगल और खेतों में न जाने की सलाह दी। वहीं वन विभाग की टीम लगातार घेरा बनाकर बाघ पर नजर बनाए हुए है।

# सोन नदी पुल के पास हादसा, अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर



**विजय मत, शहडोल।**

शहडोल जिले के गोहपारू थाना क्षेत्र के सोन नदी पुल के पास बाइक सवार दो युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का मेडिकल अस्पताल में इलाज चल रहा है। घायलों में से एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसा मंगलवार सुबह लगभग 11 बजे हुआ। बाइक सवार दोनों युवक गोहपारू से शहडोल की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार मिनी ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने तुरंत पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। पुलिस और एंबुलेंस ने मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को मेडिकल अस्पताल पहुंचाया।

थाना प्रभारी विनय सिंह गहरवार ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। बाइक सवार दोनों युवकों की पहचान फिलहाल नहीं हो पाई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, किसी तेज रफ्तार मिनी ट्रक ने बाइक को टक्कर मारी है। इस दुर्घटना में एक युवक के सिर में गंभीर चोटें आई हैं, जिससे उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घायलों का इलाज जारी

दोनों घायल युवक मेडिकल अस्पताल में भर्ती हैं, जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस अज्ञात वाहन चालक की तलाश जारी है।

**कार्यक्रम** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोहागपुर जनचेतना कार्यक्रम सम्पन्न

# भारतीय लोकतंत्र की धरोहर है हमारा संविधान-संजीव असाटी




**विजय मत, शहडोल।**

केन्द्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, क्षेत्रीय कार्यालय शहडोल द्वारा दिनांक 26 नवंम्बर 2024 को शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोहापुर के प्रांगण में संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य संजीव कुमार असाटी, शिक्षिका श्रीमती कविता त्रिपाठी, श्रीमती स्मिता निधि लाल, श्रीमती गीता सिंह, श्रीमति सुनीता त्रिपाठी, श्रीमती प्रतिभा शुक्ला, श्रीमती कशिश खान, श्रीमती पूजा शर्मा, श्रीमती दीपा त्रिपाठी एवं श्रीमती गायत्री पाण्डेय उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी प्राचार्य संजीव कुमार असाटी द्वारा बताया गया कि आजाद भारत में 26 नवम्बर को प्रतिवर्ष संविधान दिवस के रूप में मानाया जाता है। आजाद भारत के निर्माण में लोकतंत्र को मजबूत एकता एवं अखंडता के साथ ही सर्वमान्य अधिकार अपनाने हेतु संविधान सभा का गठन कर संविधान निर्माता डॉक्टर भीम राव आंबेडकर द्वारा 2 वर्ष 11 माह 18 दिन में संविधान को लिखित रूप में तैयार किया गया तथा 26 नवम्बर 1949 को संविधान सभा में पूर्ण रूप से अपनाया गया पश्चात 26 जनवरी 1950 को गणतंत्र दिवस पर लागू किया गया। वहीं उन्होने यह भी बताया कि संविधान हमारे आजाद भारत के लोकतंत्र का महत्वपूर्ण लिखित दस्तावेज है तथा हमारे लोकतंत्र की धरोहर है। कार्यक्रम के आयोजक प्रभारी प्रचार अधिकारी हेमन्त मारकवाड़े द्वारा बताया गया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा 26 नवम्बर 2015 को प्रत्येक वर्ष संविधान दिवस के रूप में मनाने हेतु घोषणा की गई राष्ट्रीय संविधान संबंधी विविधवत विस्तारपूर्वक उपस्थित विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को जानकारी से अवगत कराते हुये संविधान दिवस पर शपथ दिलाई गई।

# विवि में आयोजित संविधान दिवस के कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक का मंचन

**विजय मत, शहडोल।**

पंडित शंभू नाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के शहडोल परिसर में आज दिनांक 26 नवंबर 2024 को संविधान दिवस का आयोजन किया गया, कुलगुरु प्रोफेसर राम शंकर जी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, उन्होंने अपने अध्यक्षीय उदबोधन में संविधान दिवस के उत्सव की महत्ता के विषय पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत में सर्वप्रथम छात्रों द्वारा उपस्थित सभी लोगों से संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया गया संविधान दिवस के अवसर पर राजनीतिक विभाग एवं इतिहास विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों (पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता और प्रश्न मंच) का आयोजन किया गया और नुक्कड़ नाटक का मंचन हिंदी विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर का हिस्सा लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।



## यूज़ इन शॉर्ट



### अपहृत किशोरी को पुलिस ने जम्मू कश्मीर से किया दस्तयाब, आरोपी गिरफ्तार

अनूपपुर। कोतवाली पुलिस अनूपपुर ने माहभर पूर्व घर से लापता हुई किशोरी को जम्मू कश्मीर से दस्तयाब कर उसे परिजनों को सुपुर्द किया है। पुलिस ने बताया कि 23 अक्टूबर को थाना कोतवाली अंतर्गत एक ग्रामीण द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी16 वर्षीय पुत्री घर से बिना किसी जानकारी के लापता हो गई है। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर बालिका की तलाश प्रारंभ की। उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार साहू, आरक्षक प्रवीण भगत, अमित यादव, तथा महिला आरक्षक जानकी बैगा की टीम ने जम्मू-कश्मीर पहुंचकर थाना उधमपुर अंतर्गत ग्राम फंग्याल से अपहृत किशोरी को एक नाबालिग आरोपी के साथ दस्तयाब किया। जांच में पाया गया कि आरोपी जो कि थाना कोतवाली अंतर्गत एक ग्राम का निवासी है, बालिका के साथ दोस्ती एवं प्रेम संबंधों के कारण उसे लेकर जम्मू-कश्मीर में रह रहा था।

### दूसरे दिन भी बिजुरी में अज्ञात युवक के शव की नहीं हो सकी शिनाख्त, जांच जारी

अनूपपुर। बिजुरी थाना क्षेत्र के बरघाट रोड के किनारे 25 नवम्बर को लगभग 28 वर्षीय अज्ञात युवक के मिले अर्द्धनग्न शव की शिनाख्त दूसरे दिन भी संभव नहीं हो सकी है। घटना स्थल पर पुलिस को औंधेमुंह युवक का शव मिला था, जहां पुलिस ने प्रारंभिक जांच पड़ताल में युवक की हत्या की आशंका जताते हुए हत्या कहीं और कर अपराधियों द्वारा लाश को ठिकाने लगाने यहां फेंके जाने की संभावना जताई थी। वहीं युवक के स्थानीय नहीं होने के साथ पास के राज्य या जिले के निवासी होने की भी आशंका जताई थी। हालांकि पुलिस ने शव मिलने की सूचना पर शहडोल की फोरेंस्कि टीम और डॉग स्क्रायड को बुलाकर मौके स्थल का मुआयना किया था। लेकिन सबसे बड़ी समस्या पुलिस के लिए यह बनी कि आसपास के गांवों में जानकारी देने के बावजूद भी कोई उसकी पहचान नहीं कर सका। फिलहाल पुलिस शव को सुरक्षित रखते हुए इस्तहार जारी करते हुए पहचान में जुटी है।

### घर से बिना बताए किशोरी हुई लापता, पुलिस ने करपा गांव




### से किया दस्तयाब

अनूपपुर। करनपठार थाना क्षेत्र से बिना परिजनों को सूचना दिए घर से लापता हुई किशोरी को आखिरकार पुलिस ने करपा गांव स्थित किशोरी की मौसी के यहां से दस्तयाब किया है। जिसे परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। थाना प्रभारी संजय खलको ने बताया कि 22 अप्रैल को अपहृता घर में बिना बताए लापता हो गई थी। खोज बीन के बाद में अपहृता की मां ने 7 मई को थाना करनपठार में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिक पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई है। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ धारा 363 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर सायबर सेल व अन्य तकनीकी साधनो से पतारसी की। जिसमें 26 नवम्बर को किशोरी अपनी मौसी के यहां ग्राम करपा आई थी, थाना प्रभारी संजय खलखो के नेतृत्व में उप निरी. मंगला प्रसाद दुबे, प्रआर. कृष्ण कुमार पटेल, राजेश पाव, प्रिया चौरे के द्वारा दस्तयाब किया गया। पुलिस अधीक्षक के द्वारा उक्त अपहृता के दस्तयाबी के लिए 5 हजार रुपए का ईनाम भी उदघोषित किया गया था।

### 51 हजार रुपए की 69 लीटर अवैध अंग्रेजी व देशी शराब जब्त

अनूपपुर। करनपठार थाना क्षेत्र में शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ सोमवार की रात पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 51 हजार 600 रुपए की कीमत की 69.120 लीटर अवैध अंग्रेजी और देशी शराब जब्त की है। इस कार्रवाई में शराब परिवहन करने वाले युवक के साथ शराब दुकान के सैल्समैन के खिलाफ भी धारा 34(2) आबकारी एक्ट का मामला कायम किया गया है। थाना प्रभारी संजय खल्को ने बताया कि पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पुष्पराजगढ के मार्ग दर्शन 25 नवम्बर को मुखबिर से सूचना मिली कि संतोष सारीवान पिता शिवराम सारीवान उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम लमसरई काफी दिनो से थाना क्षेत्र में अधिक मात्रा में शराब बिक्री व परिवहन कर रहा है। एक या दो दिनों के अंदर संतोष द्वारा थाना क्षेत्र में भारी मात्रा में शराब परिहन किया जाएगा। जिसके आधार पर थाना प्रभारी संजय खलखो के नेतृत्व में टीम ने मैन रोड सिद्ध बाबा मंदिर के पास पहुंचे तो सामने से संतोष सारीवान बिना नम्बर के बाइक में पीछे डिब्बे में बोरी को बांध कर बेनीबारी तरफ से लीला टोला तरफ जाते मिला। जिसे रोक कर चैक किया गया तो दो पेटी में अंग्रेजी शराब और प्लेन शराब बंधा पाया गया। अन्य थैलियों में भी शराब बंधे मिले। जहां शराब रखने व परिवहन करने के संबंध में वैद्य दस्तावेज की मांग की गई, पर कोई दस्तावेज नही होना बताया। साथ ही अनिल कुमार निवासी घुनघुटी से शराब खरीदकर अमरकंटक भीम कुंडी ले जाना बताया।

---

अनूपपुर-चचाई मार्ग पर नो एंट्री पॉइंट में खड़े वाहन से टक्कर में तीन की हुई थी मौत, घटनाओं की पुनरावृति ना हो हुई चर्चा

# यातायात हुआ फेल तो कप्तान ने संभाली सुरक्षा की कमान, ट्रांसपोर्टरों संग की बैठक, सुरक्षा मानकों के पालन की अपील

**वाहन में स्पीड गवर्नर लगाकर गति सीमा निर्धारित करने, रात में पार्किंग लाइट जलाने रेडियम और वाहन जांच कराने के दिए गए निर्देश**




**विजय मत, अनूपपुर।**

जिला मुख्यालय अनूपपुर सहित आसपास के थाना क्षेत्रों में सुरक्षा मानकों के विपरीत वाहनों के आवागमन और हो रहे सडक़ हादसों में यातायात व्यवस्था के फेल पर मंगलवार को पुलिस कप्तान मोती उर रहमान ने हादसों पर अंकुश लगाने स्वयं कमान संभाली, जहां जिलेभर के ट्रांसपोर्टरों के साथ बैठक कर सुरक्षा मानकों के अनुसार वाहनों के संचालन की अपील की। साथ ही ट्रांसपोर्टरों को होने वाली असुविधाओं और समस्याओं को भी सुना। वहीं पुलिस अधीक्षक ने फ्लाई ऐश का परिवहन करने वाली सभी गाड़ियों को निर्धारित सुरक्षा मापदंडों के अनुसार परिवहन में चलाने के निर्देश दिए। बताया जाता है कि पुलिस कप्तान ने यह बैठक हाल के दिनों में चचाई-अनूपपुर स्टेट हाइवे पर नो एंट्री में खड़े ट्रेलर से टकराने से बाइक सवार तीन लोगों की मौत पर बुलाई थी। इस घटना ने आम नागरिकों के साथ पुलिस महकमे को भी झकझोर दिया था। यहां पुलिस कप्तान की मंशा रही कि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो, किसी घर का चिराग न बुझे और जान-माल की सुरक्षा संभव हो। बैठक में सुरक्षा उपाय पर चर्चा करते हुए सभी हैवी व्हीकल के वाहन स्वामियों को बताया गया कि ट्रांसपोर्टर अपने ड्राइवर को अनुशासित रखे , नियमित उनकी जांच करें, कोई भी ड्राइवर शराब के नशे में वाहन नहीं चलाए। सभी ट्रांसपोर्टर एक व्हाट्सएप ग्रूप बनाएं ,जिसमें ऐसे ड्राइवर जो शराब के नशे में वाहन चलाने के आदी हैं, उनकी जानकारी शेयर करें तथा यह निर्धारित करें कि कोई भी वाहन मालिक ऐसे ड्राइवर से गाड़ी नहीं चलवाए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने ट्रांसपोर्टरों से ड्राइवर को यह समझा कर रखें की रात्रि के समय जहां भी गाड़ी खड़ी करें ,पार्किंग लाइट जरूर जलाएं, वाहन के पिछले हिस्से में रेडियम रिफ्लेक्टर अवश्य लगाए, उसकी नियमित सफाई करवाए जिससे इस प्रकार की दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

#### समय कम और पार्किंग एरिया की मांग लेकर ट्रांसपोर्टस ने भी रखी समस्या

बैठक में पुलिस कप्तान ने ट्रांसपोर्टर की भी समस्याओं को सुना। ट्रांसपोर्टर ने भी अपनी समस्या बताते हुए नो एंट्री टाइम कम करने एवं दोपहर में 2 घंटे के लिए नो एंट्री खोलने की मांग रखी। इसके अलावा तीनों नो एंट्री पॉइंट पर पार्किंग एरिया निर्धारित कर नो एंट्री में वाहनों को रोड किनारे खड़े ना करवाकर पार्किंग एरिया में खड़ा करने की व्यवस्था बनाई जाए जिससे ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाओं को रोका जा सके की बात कही।

#### तो छपास में यातायात व्यवस्था हुई फेल, कागजों तक दिशा निर्देश

पुलिस कप्तान की बैठक से यह बात स्पष्ट हो चली है कि कप्तान की नजरों में यातायात व्यवस्था लचर हो गई है। जिला मुख्यालय सहित मुख्य मार्गो पर जिस प्रकार की सुरक्षा मानकों की आवश्यकता


www.vijaymat.com
शहडोल, मंगलवार 26 नवंबर 2024
अनूपपुर 5
स्कूलों में यातायात नियमों का ज्ञानए सड़क पर जिम्मेदारी निभाने नहीं गंभीर जिम्मेदार
सड़क पर वाहनों की रफ्तार धीमी करने नहीं बेरिकेट, ना तो स्पीड लिमिट न ही सूचना पट
तेज फर्राटे भर रहे वाहनों के बीच गुजर रहे स्कूली नौनिहाल, सूचनाओं के बाद भी जिम्मेदारों ने मूंदी आंखें

है, वहां मात्र कागजी दिशा निर्देश में अधिकारियों को संतुष्ट किया जा रहा है। अधिकारियों ने जिन मार्गो को दिन के समय नो इंट्री घोषित की गई है, वहां यातायात और पुलिस की अनदेखी में दिन के समय भारी वाहन प्रवेश कर गुजर रहे हैं। जबकि हाल के महीनों में यातायात पुलिस ने स्कूल, सार्वजनिक स्थानों सहित मुख्य मार्गो पर वाहन चालकों से यातायात नियमों के पालन संबंधित अभियान चलाए और आगे लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की हिदायत दी। लेकिन अखबारों में छपास रोग के कारण चंद कर्मचारियों के साथ की गई कार्रवाई पूरे महकमे के लिए यातायात सुरक्षा सप्ताह अभियान में तब्दील हो गया और वास्तविक अव्यवस्थाएं वर्तमान की परेशानी बन गई। पूर्व में भी चचाई मार्ग के कुछ हिस्सों पर झाड़ियों को काटकर हटाकर रास्ता साफ किया गया था, बावजूद मार्ग हादसों की डगर बन गई।

---

# सडक़ों पर बाइक से फरार्टे भर रहे थे नाबालिक, पुलिस ने 10 वाहनो पर की कार्रवाई

**नगर में मचा हडक़ंप, लगातार कार्रवाई जारी रखने के निर्देश**

**विजय मत, अनूपपुर।**

नाबालिक के हाथों तेज रफ्तार की बाइक की कमान पर मंगलवार को कोतमा पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए 10 बाइकों को जब्त करने की कार्रवाई की। साथ ही वाहन मालिक के खिलाफ मामला पंजीबद्ध किया। कोतमा थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह मरावी ने बताया कि कोतमा नगर में नाबालिग स्कूली बच्चों के द्वारा तेज गति से बाइक चलाने एवं दुर्घटना करने एवं दुर्घटना होने की संभावना की शिकायत मिल रही थी। जिसपर पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के मार्गदर्शन में मंगलवार को बच्चों के स्कूल टाइम पर दो अलग-अलग टीम बनाकर वाहनों की चेकिंग की गई। इस दौरान स्कूली नाबालिग बच्चे बाइक चलाते पाए गए। सभी




बच्चे नाबालिक होने से 10 बाइक एमपी 15 जेडसी 2376, एमपी 18 जेड्इ1752, बिना नंबर की बाइक, बिना नंबर की एक अन्य बाइक, नई बाइक बिना नंबर की, एमपी 65 जेडए 1902, बिना नंबर नई बाइक, सीजी 10 इइ 0204, एमपी 65 एम 8253 एवं एमपी 18 एमए 4178 बाइक मौके से जब्त कर उक्त सभी वाहनों में वाहन स्वामी द्वारा नाबालिक, बिना लाइसेंस वाले बच्चों से वाहन चलवाते पाए जाने पर वाहन को मौके से जब्त कर वाहन स्वामी के खिलाफ धारा 4/181, 5/180 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

#### पुलिस ने अभिभावकों को दी चेतावनी

इस कार्रवाई के दौरान मौके पर पहुंचे अभिभावकों को पुलिस ने आड़े हाथ लेते हुए सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी। पुलिस ने कहा यह कार्रवाई लगातार की जाएगी सभी सावधान हो जाएं अपने नाबालिक बच्चों को कोई भी वाहन चलाने ना दें यदि कोई घटना दुर्घटना होती है तो वाहन स्वामी की ही संपूर्ण जवाबदारी होती है। यातायात के नियमों का पालन करें।




### कलेक्टर ने जनसुनवाई में 34 आवेदको की सुनी समस्याएं

**विजय मत, अनूपपुर।**

प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत मंगलवार को नागरिकों की समस्याओं का निराकरण अधिकारियों द्वारा किया गया। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कलेक्ट्रेट सभागार में समस्याओं के आवेदन लेकर आए विभिन्न नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके तत्काल निराकरण के लिए मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान जनसुनवाई में जिलेभर से 34 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें जैतहरी के ग्राम पंचायत लपटा निवासी तेजलाल बैगा ने जाति प्रमाण बनाए जाने व वनाधिकार के तहत भूमि का पट्टा प्रदाय करने व पीएम जन-मन आवास योजना का लाभ दिलाए जाने, ग्राम भेलमा जैतहरी निवासी केशव सिंह ने वनाधिकार के तहत भूमि का पट्टा प्रदाय करने, वार्ड नं. 10 जैतहरी निवासी सुमित्रा बाई राठौर ने फौती नामांतरण कराए जाने, ग्राम गिरवी पुष्पराजगढ़ निवासी राम प्रसाद यादव ने पट्टे की भूमि पर बोई गई धान की फसल को दबंगों द्वारा नष्ट कर दिए जाने के संबंध में आवेदन दिए।

---

### अज्ञात कारणों से वृद्ध की ौत में मौत

अनूपपुर। कोतवाली थाना अनूपपुर नगर के वार्ड क्रमांक 14 में 50 वर्षीय वृद्ध को परिजनों द्वारा बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल लेकर आए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर जिला अस्पताल पुलिस द्वारा पंचनामा तैयार कर पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। वहीं वृद्ध के मृत होने के कारण अज्ञात बताए जा रहे हैं। पुलिस सहायता केन्द्र जिला अस्पताल के अनुसार नगर के वार्ड क्रमांक 14 निवासी 50 वर्षीय मथुरा प्रजापति पिता गेगला प्रजापति प्रत्येक दिन की तरह घरेलू कार्य के साथ खेत में काम करने गए थे।

### राजस्व महाभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही और उदासीनता बर्दाश्त नहीं-कलेक्टर

**विजय मत, अनूपपुर।**

जिले में चल रहे राजस्व महाभियान 3.0 को लेकर कलेक्टर हर्षल पंचोली ने अधिकारियों के सुस्त कामकाज को लेकर नाराजगी जताई है, जहां सोमवार को समीक्षा बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में राजस्व महाभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही और उदासीनता बर्दाश्त नहीं होने की हिदायत दे डाली। साथ ही उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों से गंभीरता के आधार पर चिन्हित एवं लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में




नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा एवं नक्शा तरमीम का कोई भी प्रकरण लंबित न रहे। इसका भी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदार विशेष ध्यान रखें। राजस्व महा अभियान अंतर्गत पटवारी द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा सभी अनुविभागीय अधिकारी प्रतिदिन शाम को करें तथा अगर कोई पटवारी लंबित एवं चिन्हित प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही एवं उदासीनता बरतते हैं, तो संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करें। बैठक में कलेक्टर ने मिलावट से मुक्ति के संबंध में किए गए कार्रवाई की जानकारी सीएमएचओ से प्राप्त की तथा निर्देशित किया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी के साथ जिले के सभी खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थो की जांच करें और खाद्य पदार्थ में किसी प्रकार की मिलावट पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। इसी प्रकार कलेक्टर ने सभी सीएमओ को पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समाधान ऑनलाइन की समीक्षा करते हुए उपार्जन के लंबित भुगतान, पशु बीमा के लंबित भुगतान, प्रसूति सहायता राशि के लंबित प्रकरण, पीएम किसान सम्मान निधि के प्रकरण, हैंडपंप मरम्मत, सीएम हेल्पलाइन तथा अन्य विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिशानिर्देश दिए।

---

**तस्करी** पुलिस ने दो युवकों को किया गिरफ्तार, दो-दो सौ रुपए में मवेशी रहे थे हांक

# जंगल के रास्ते आमाडांड से ऊरा की ओर तस्करी कर ले जा रहे 21 मवेशी धराए

**विजय मत, अनूपपुर।**

रामनगर पुलिस ने पशु तस्करी के खिलाफ सोमवार की रात कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 21 मवेशियों को पकड़ा है। जहां कागजी कार्रवाई कर सभी मवेशियों को कांजी हाऊस में सुरक्षित रखवाया है। थाना प्रभारी अमर वर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक व एसडीओपी के निर्देशन में ऑपरेशन प्रहार एवं अवैध गतिविधियों पर पूर्णतः अंकुश लगाने कार्रवाई की जा रही है जिसमें 25 नवम्बर को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति मावेशियों को क्रूरता पूर्वक आमाडांड तरफ से ऊरा की ओर ले जा रहे है। सूचना के आधार पर छापामार कार्रवाई



की गई, जिसमें मुक्तिधाम के पास पीपरडोल के जंगल आमाडांड में दो व्यक्ति 16 नग भैंस, 2 नग पडिया़, तथा 3 नग पड़ा को निर्दयापूर्वक दौडाते, मारत-पीटते, हांकते लेकर जा रहे थे। मौके पर घेराबन्दी कर पकडा गया तथा दोनों युवकों से पूछताछ की गई तो अपना नाम प्रिंस गोंड पिता रामसिंह गोंड़ उम्र 19 वर्ष, सोनू सिंह गोंड़ पिता बेचन सिंह उम्र 19 वर्ष दोनों निवासी ग्राम ऊरा का होना बताया। मवेशियों के मालिक राम कुमार साहू निवासी गढी थाना कोतमा एवं लखन गुप्ता निवासी ग्राम ऊरा का होना बताया गया। वहीं युवकों ने बताया कि मवेशियों को ले जाने के एवज में 200-200 रूपए देना बताया। आरोपीगण प्रिंस गोंड, सोनू सिंह गोंड, राम कुमार साहू एवं लखन गुप्ता का कृत्य धारा 11 (क) पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 6 मप्र. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम एवं धारा 49 बीएनएस के तहत दंडनीय पाए जाने से साक्षियों के समक्ष कुल 21 नग मवेशी कीमत 4 लाख 83 हजार रूपए को जब्त किया गया। और मवेशियों को सुरक्षित कांजी हाऊस मलगा के संचालक के सुपुर्द किया गया है, जिनका पशु चिकित्सा अधिकारी से मेडिकल परीक्षण कराया जाता है। मवेशियों के साथ क्रूरता करने वाले आरोपीगणों के खिलाफ धारा 11 (क) पशु क्रूरता अधिनियम, धारा 6 मप्र कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम एवं धारा 49 बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# वेंकटेश अय्यर की शानदार बल्लेबाजी से मप्र ने मेघालय को 101 रनों से हराया

**राजकोट, एजेंसी**



ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर के शानदार प्रदर्शन से मध्यप्रदेश ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी ग्रुप ए मैच में मेघालय को 101 रन से हरा दिया। वेंकटेश ने 17 गेंद में 6 चौके लगाकर 37 रन बनाने के बाद 2 ओवर में 9 रन देकर 1 विकेट भी लिया। वेंकटेश के अलावा मध्य प्रदेश की ओर से रजत पाटीदार ने भी 6 चौके और 6 छक्के लगाकर 36 गेंद में 78 रन बनाये। इस प्रकार मध्यप्रदेश टीम ने 5 विकेट पर 222 रन बनाए।

इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए मेघालय की टीम 121 रनों पर ही सिमट गयी। मध्य प्रदेश की ओर से मोहम्मद अरशद खान ने 2.4 ओवर में 5 रन देकर 3 विकेट लिए। वहीं एक अन्य मैच में निशांत सिंधु के शतक और हिमांशु राणा के 91 रनों की सहायता से हरियाणा ने ग्रुप सी के मैच में 2 विकेट पर 255 रन बनाने के बाद अरुणाचल प्रदेश को केवल 80 रन पर आउट कर 175 रनों की शानदार जीत दर्ज की। निशांत ने 48 गेंद की अपनी शतकीय पारी में 11 चौके और 4 छक्के लगाये। इस मैच में युजवेंद्र चहल और हर्षल पटेल ने शानदार गेंदबाजी कर अरुणाचल के बल्लेबाजों को कोई मौका नहीं दिया। हर्षल ने चार ओवर में 12 रन देकर 5 जबकि चहल ने 15 रन देकर 2 विकेट लिए।

एक अन्य मैच में हार्दिक पंड्या के नाबाद 41 रन और कृणाल पंड्या के 45 रनों की सहायता से बड़ौदा ने ग्रुप बी के मैच में उत्तराखंड से मिले जीत के 166 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। इससे पहले उत्तराखंड की टीम 7 विकेट पर 165 रन ही बना सकी थी।

फुटबॉल



न्यूकास्टल में प्रीमियर लीग फुटबॉल में वेस्टहैम के टॉमस सयूसेक गोल करने के बाद उत्साहित होते हुए।

# नटराजन का जाना हमारे लिए नुकसानदेह : विटोरी

**जेद्दा, एजेंसी**



सनराइजर्स हैदराबाद टीम के कोच डेनियल विटोरी ने कहा है कि टी नटराजन इस बार आईपीएल सत्र 2025 के लिए हमारे पास नहीं है और ये टीम के लिए बड़ा नुकसान है। विटोरी के अनुसार नटराजन एक अहम खिलाड़ी है। उन्होंने कहा कि टीम को इस बार नीलामी में ईशान किशन को शामिल करने में सफलत मिली है पर उसे नटराजन को खोना पड़ा है। नटराजन को इस बार दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा है। वहीं मुंबई इंडियंस के लिए खेलने वाले किशन को नीलामी के पहले ही दिन सनराइजर्स ने 11 करोड़ 25 लाख रुपये में खरीद लिया था। ईशान के लिए यह बड़ी राहत है क्योंकि वह काफी समय से भारतीय टीम से बाहर है और उन्हें बीसीसीआई अनुबंध भी नहीं मिला है। सनराइजर्स ने पहले दिन तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और हर्षल पटेल सहित आठ खिलाड़ियों को खरीदा पर वह नटराजन को वापस नहीं खरीद पाए। विटोरी ने कहा कि नटराजन की कमी कोई अन्य खिलाड़ी पूरी नहीं कर सकता। सनराइजर्स ने नीलामी से पहले द्द्ध कप्तान पैट कमिंस, ट्रेविस हेड, अभिषेक शर्मा, हेनरिक क्लासेन और नितीश रेड्डी सहित पांच खिलाड़ियों को रिटेन किया था। विटोरी ने कहहा, '(नटराजन के जाने की भरपाई कोई नहीं कर सकता पर हर टीम को इस स्थित से गुजरन होता है।

नटराजन को दिल्ली कैपिटल्स ने 10.75 करोड़ रुपए में खरीदा। विटोरी ने कहा, 'हमने अवसर मिलने पर शमी और फिर हर्षल को अपने अपने साथ जोड़ा जबकि हमने ये सोचा भी नहीं था कि कम कीमतों पर ये दोनो ही मिल जाएंग। वहीं ईशान का आना भी हमारे लिए अच्छा रहा।

# पिछले एक दशक में खेलों का तेजी से विकास हुआ :बिंद्रा

**गुड़गांव, एजेंसी**



ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने कहा कहा है कि पिछले एक दशक में देश में खेलों का तेजी से विकास हुआ है और खेल में नई-नई प्रतिभाएं उभरी है। अब इस खेल में जो प्रतिभाएं आ रही हैं उनमें गहराई भी है। जिस प्रकार की सफलता मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में हासिल की उससे ये साबित हुआ है। मनु ने ओलंपिक निशाने बाजी में दो कांस्य पदक जीत थे। बिंद्रा ने में कहा, 'निशानेबाजी के खेल में भारत में आज जैसी प्रतिभा है, वह इस किसी अन्य खेल में नहीं है। राष्ट्रीय स्तर और विश्व स्तर पर बहुत से निशानेबाज अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। यह स्पष्ट रूप से दिखाता है कि पिछले एक दशक में इस खेल ने कितनी अधिक प्रगति की है।

पेरिस खेलों में भारतीय निशानेबाजों ने जबरदस्त प्रदर्शन कर इससे साबित किया था। पेरिस में मनु के अलावा सरबजोत सिंह और स्वप्निल कुसाले ने भी कांस्य पदक जीते थे। बिंद्रा ने कहा, 'कुछ समय के लिए ऐसा भी समय रहा जब दो ओलंपिक में हम कोई पदक नहीं जीत पाए थे हालांकि असफलता भी खेल का ही हिस्सता है। इससे एथलीटों और महासंघ ने सबक सीखा है जिसके कारण ही हमें परेस में अच्छे परिणाम मिले। बिंद्रा ने कहा कि भविष्य के ओलंपिक खेलों में इसी तरह के प्रदर्शन को जारी रखने के लिए रणनीतिक योजना और बारिकियों पर अधिक ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि यह लय जारी रहेगी और रणनीतिक योजना जारी रहेगी। छोटी-छोटी चीजें बहुत मायने रखती हैं, उनका ध्यान रखना चाहिए। मुझे उम्मीद है कि देश निशानेबाजी में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता रहेगा। गौरतलब है कि साल 2026 राष्ट्रमंडल खेलों ने निशानेबाजी, हॉकी, क्रिकेट और कुश्ती को अपने कार्यक्रम से हटा दिया है जिससे ग्लास्गो में भारत की पदक संभावनाओं को झटका लगा है पर बिंद्रा का मानना है कि इन खेलों में एक बार फिर निशानेबाजी को शामिल किये जाने की उम्मीद उन्हें है।

## जेम्स एंडरसन का पहली बार आईपीएल खेलने का सपना टूटा



**जेद्दा।** इंग्लैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन पहली बार आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में शामिल हुए थे पर उन्हें कोई भी खरीददारी नहीं मिला। इससे 42 साल के एंडरसन का आईपीएल खेलने का सपना टूट गया है। एंडरसन आईपीएल नीलामी में नाम दर्ज कराने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी थे पर उन्हें किसी टीम ने नहीं खरीदा। नीलामी के दूसरे दिन सभी 10 फ्रेंचाइजियों ने बचे हुए 557 खिलाड़ियों में से 143 खिलाड़ियों के नाम नीलामी के लिए चुने थे। इस सूची में एंडरसन का नाम नहीं था। इसलिए उनका नाम नीलामी में नहीं आया। एंडरसन के अलावा न्यूजीलैंड के केन विलियमसन का नाम भी सूची में नहीं था और इसलिए उनका नाम भी नहीं आया। एंडरसन ने अपने करियर में 15 साल पहले अपना अंतिम टी20 मैच खेला था। इसके बाद टेस्ट करियर को लंबा करने के लिए उन्होंने सीमिल ओवरों के प्रारुप को अलविदा कह दिया था।

# बिजनेस

# सोने और चांदी के भाव में मामूली तेजी

» सोना 75376 रुपये प्रति 10 ग्राम, चांदी 8203 रुपये प्रति किलोग्राम

**नई दिल्ली, एजेंसी**



सोने और चांदी के भाव में मंगलवार को मामूली तेजी देखी गई है। सोने की कीमतों में 65 रुपये की वृद्धि हुई है और यह 75376 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला है। इसके साथ ही चांदी में 290 रुपये की तेजी देखी गई है और यह 88203 रुपये प्रति किलोग्राम पर बिक रही है। 5 दिसंबर की वायदा डिलीवरी के परिप्रेक्ष्य में सोना 75376 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला है और इसमें सुबह की शुरुआत में 61661 लाख के सोने के ऑर्डर बुक हो चुके हैं। साथ ही 5 फरवरी की वायदा डिलीवरी के लिए सोने 76356 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला और 9786 लाट्स के सोने का कारोबार 35681 लाख पर बंद हुआ था। मल्टी कमोडिटी बाजार में चांदी की कीमत में भाव में भी बदलाव देखा गया। 5 दिसंबर के बाजार में चांदी 88105 रुपये प्रति किलोग्राम पर खुली और 88203 प्रति किलोग्राम पर आ गई। 25 नवम्बर को एमसीएक्स पर 5 दिसंबर की डिलीवरी वाला सोना 75311 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हो गया था, जबकि 5 फरवरी की डिलीवरी वाला गोल्ड 75988 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हो गया था।

### फसल उत्पादन में वृद्धि उच्च एमएसपी, अनुकूल मानसून और पर्याप्त जलाशय स्तर के कारण संभव

# वित्त मंत्रालय की मासिक समीक्षा में रबी फसल के उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वित्त मंत्रालय ने अपनी नवीनतम मासिक समीक्षा में आने वाले महीनों में रबी फसल की बुवाई और उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि का अनुमान जताया है। मंत्रालय ने बताया कि यह वृद्धि उच्च न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), अनुकूल मानसून और पर्याप्त जलाशय स्तर के कारण संभव है। इस समीक्षा के अनुसार रबी सीजन को इस साल की शुरुआत में अच्छी खरीफ फसल द्वारा स्थापित मजबूत नींव से लाभ होने की संभावना है। मंत्रालय का मानना है कि इस बंपर फसल से घरेलू खुदरा मुद्रास्फीति को कम करने में भी मदद मिल सकती है। मंत्रालय ने कहा ?कि 6 नवंबर 2024 तक, धान की खरीद 161.0 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गई, जिससे चल रहे केएमएस खरीद कार्यों से 14.79 लाख किसानों को लाभ हुआ। बढ़े हुए एमएसपी के साथ रिकॉर्ड खरीफ खाद्यान्न उत्पादन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और मजबूत करेगा। रबी की फसलों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए ठंडी और शुष्क



जलवायु की आवश्यकता होती है, जबकि खरीफ में उत्पादित फसलों के लिए गर्म और आर्द्र जलवायु की आवश्यकता होती है। मंत्रालय ने उम्मीद जताई है कि रबी की बुवाई और उत्पादन में अनुकूल मानसून, पर्याप्त जलाशय स्तर और उच्च न्यूनतम समर्थन मूल्य की वजह से वृद्धि हो सकती है। इसके साथ ही खाद्य मुद्रास्फीति में कमी की उम्मीद भी है, जिसे अक्टूबर में खाद्य मूल्य दबाव के कारण देखा गया था। मंत्रालय ने बताया कि आर्थिक गतिविधियों में सुधार के साथ स्थिरता आने वाले महीनों में उपभोक्ताओं को राहत मिल सकती है। वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही के दौरान एफएमसीजी की बिक्री मात्रा में सुधार होने के साथ-साथ, ग्रामीण क्षेत्र में ट्रैक्टर और दोपहिया वाहनों की बिक्री में भी वृद्धि देखी गई।

# अब बदल जाएगा आपका पेन कार्ड क्यूआर कोड में होगी पूरी जानकारी

» बैठक में 1,435 करोड़ रुपये की पेन 2.0 प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई

**नई दिल्ली, एजेंसी**



केंद्रीय कैबिनेट ने हाल ही में हुई बैठक में कई फैसले लिए। बैठक में 1,435 करोड़ रुपये की पेन 2.0 प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई। इसका मकसद परमानेंट अकाउंट नंबर (पेन) को सरकारी एजेंसियों की सभी डिजिटल सिस्टम के लिए कॉमन बिजनेस आइडेंटिफायर बनाना है। पेन 2.0 प्रोजेक्ट के तहत पेन कार्ड को क्यूआर कोड के साथ मुफ्त में अपग्रेड किया जाएगा। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के पेन 2.0 प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी है। पेन 2.0 प्रोजेक्ट पर 1435 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस प्रोजेक्ट का मकसद बेहतर गुणवत्ता के साथ पहुंच में आसानी और सर्विस की तेज डिलीवरी है। यह प्रोजेक्ट टैक्सपेयर्स के बेहतर डिजिटल अनुभव के लिए पेन/टेन सर्विस के टेक्नोलॉजी-ड्रिवेन ट्रांसफॉर्मेशन के जरिए टैक्सपेयर्स रजिस्ट्रेशन सर्विस की बिजनेस प्रोसेस को फिर से तैयार करने के लिए लाई गई एक ई-गवर्नेंस प्रोजेक्ट है। बयान के मुताबिक यह मौजूदा पेन/टेन 1.0 इकोसिस्टम का एडवांस रूप होगा। देश में फिलहाल लगभग 78 करोड़ पैन जारी किए गए हैं। इनमें से 98 फीसदी पैन इंडिविजुअल लेवल पर जारी किए गए हैं। गौरतलब है कि परमानेंट अकाउंट नंबर 10 अंकों का एक ऐसा नंबर होता है जिसे इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की ओर से जारी किया जाता है। सभी भारतीयों के लिए पैन कार्ड बेहद जरूरी डॉक्यूमेंट है। ये ना सिर्फ पहचान पत्र के तौर पर इस्तेमाल होते हैं बल्कि इनका उपयोग वित्तीय मामलों में भी होता है। आपको बैंक अकाउंट ओपन करना हो या कोई प्रॉपर्टी खरीदनी हो पैन कार्ड होना जरूरी होता है।

# सेंसेक्स 105 अंक की गिरावट के साथ 80,004 पर बंद, निफ्टी भी 27 अंक गिरा

## बीएसई स्मॉलकैप में 333 अंक की तेजी रही

**मुंबई, एजेंसी**



सेंसेक्स आज यानी 26 नवंबर को 105 अंक की गिरावट के साथ 80,004 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 27 अंक की गिरावट रही, ये 24,194 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, बीएसई स्मॉलकैप 333 अंक की तेजी के साथ 53,923 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 16 में गिरावट और 14 में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 27 में गिरावट और 23 में तेजी रही। NSE के ऑटो सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.28 प्रतिशत की गिरावट रही। लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, सन फार्मास्युटिकल और अल्ट्राटेक सीमेंट ने बाजार को नीचे गिराया। जबकि, इंफोसिस, रिलायंस, TCS और ICICI बैंक ने बाजार को ऊपर खींचा।

एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.87 प्रतिशत और कोरिया के कोस्पी में 0.55 प्रतिशत की गिरावट रही। वहीं चीन का शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स भी 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। 25 नवंबर को अमेरिका का डाओ जोंस 0.99 प्रतिशत चढ़कर 44,736 पर और S&P 500 0.30 प्रतिशत बढ़कर 5,987 पर बंद हुआ। नैस्डैक भी 0.27 प्रतिशत चढ़कर 19,054 पर बंद हुआ। NSE के डेटा के अनुसार, विदेशी निवेशकों ने 25 नवंबर को 9,947.55 करोड़ के शेयर खरीदे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 6,907.97 करोड़ के शेयर बेचे। एनवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स लिमिटेड के IPO के लिए आज बोली लगाने का आखिरी दिन है। आज शाम 4 बजे तक यह IPO टोटल 89.29 गुना सब्सक्राइब हुआ। रिटेल कैटेगरी में यह IPO 23.43 गुना, क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स कैटगरी में 157.05 गुना और नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स कैटगरी में 153.41 गुना सब्सक्राइब हो चुका है। 29 नवंबर को कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे। इस IPO का इश्यू का साइज 650.43 करोड़ रुपए है। कंपनी की कुल 4,39,48,000 शेयर जारी करने की योजना है। इसमें 3,86,80,000 नए शेयरों का फ्रेश इश्यू शामिल है, जबकि प्रमोटर्स 52,68,000 शेयरों की बिक्री करेंगे। प्रत्येक शेयर की फेस वैल्यू 10 निर्धारित की गई है। इससे पहले कल यानी 25 नवंबर को सेंसेक्स 992 अंक की तेजी के साथ 80,109 के स्तर पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी 314 अंक की तेजी रही, ये 24,221 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, बीएसई स्मॉलकैप 976 अंक चढ़कर 53,589 के स्तर पर बंद हुआ था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 24 में तेजी और 6 में गिरावट थी। निफ्टी के 50 शेयरों में से 43 में तेजी और 7 में गिरावट थी। हस्श्च के सभी सेक्टोरल इंडेक्स तेजी के साथ बंद हुए। निफ्टी क्क्र बैंक सबसे ज्यादा 4.16 प्रतिशत चढ़ा था।

# डिजिटल पेमेंट तकनीक में वर्ल्ड लीडर के रूप में उभर रहा भारत

**मुंबई, एजेंसी**



अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यूपीआई नेटवर्क के तेजी से विस्तार के कारण भारत डिजिटल पेमेंट तकनीक में वर्ल्ड लीडर के रूप में उभर रहा है। इसकी जानकारी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की रिपोर्ट में दी गई। यूपीआई के द्वारा अक्टूबर में 16.6 अरब लेनदेन हुए हैं। साथ ही इस दौरान इंस्टेंट डेबिट रिवर्सल 86 प्रतिशत रहा है, जो कि पिछले साल की समान अवधि में 77 प्रतिशत था।

आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा ने कहा है कि भारत का यूपीआई एक ओपन-एंडेड सिस्टम है। इसमें एक सिंगल आवेदन के जरिए एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति या फिर व्यक्ति से व्यापारी के बीच आसानी से लेनदेन किए जा सकते हैं। पात्रा के अनुसार, डिजिटल क्रेडिट परिदृश्य में इनोवेशन जैसे अकाउंट एग्रीगेटर्स, ओसीईएन और ओएनडीसी पर वित्तीय सेवाओं ने भी उत्पादकता बढ़ाने में योगदान दिया है।

ओएनडीसी मार्च 2024 तक 720 से ज्यादा शहरों में काम कर रहा है। इसके पास 49.72 मिलियन ऑर्डर हैं। ट्रेड रिसीवेबल्स डिस्काउंटिंग सिस्टम (टीआरईडीएस) एमएसएमई के करीब 52.2 ट्रिलियन रुपये के अनुमानित क्रेडिट गैप को बैंकों और क्लाइंट्स से जोड़कर पूरा करता है, जिससे फंडिंग लागत में 2.5 प्रतिशत तक की कमी आती है। पात्रा ने लिखा, टीआरईडीएस के माध्यम से फाइनेंस चालानों का मूल्य 23 गुना से अधिक बढ़ गया है।

भारत में ग्रामीण आबादी का करीब 40 प्रतिशत और 20-30 वर्ष आयु वर्ग की कुल आबादी का 78 प्रतिशत लोग इंटरनेट का उपयोग करते हैं, जिनमें से करीब एक तिहाई परिवार उपभोग्य सामग्रियों और सेवाओं की ऑनलाइन खरीदारी करते हैं।

## न्यूज इन शॉर्ट

### संगठन पर्व को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय में 27 नवंबर को कार्यशाला आयोजित होगी

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी संगठन पर्व को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय में 27 नवंबर को दोपहर 3 बजे कार्यशाला आयोजित की गयी है। भाजपा के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी ने बताया कि कार्यशाला को पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश जी, पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुसरोज पाण्डे, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी संबोधित करेंगे। कार्यशाला में प्रदेश कोर कमेटी, पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, संभाग प्रभारी, लोकसभा एवं राज्यसभा सांसद, विधायक, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, महापौर/नेता प्रतिपक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष/उपाध्यक्ष, मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष व महामंत्री, प्रदेश निर्वाचन टोली, प्रदेश सक्रिय सदस्यता टोली, जिला निर्वाचन टोली, बूथ प्रबंधन जिला प्रभारी उपस्थित रहेंगे।

### प्रदेश में 26 से प्रारंभ हो गया 'हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान' अभियान

**भोपाल।** देश में 15 अगस्त 1947 को देश की आजादी के बाद तैयार किया गया संविधान 26 नवम्बर 1949 को अपनाया गया था। इसके बाद देश में 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू किया गया था। संविधान को अपनाने के 75 वर्ष पूरे होने पर संविधान की जानकारी के प्रति जन-जागरूकता के लिये 26 नवम्बर 2024 से वर्ष भर चलने वाला 卐हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान卐 आज से प्रदेश भर में शुरू हो गया है। अभियान की शुरूआत में अभियान के दौरान जन-सामान्य को संविधान की प्रस्तावना, संविधान का निर्माण और देश के संविधान पर गर्व करने जैसे बिन्दुओं पर जनप्रतिनिधियों द्वारा मुख्य रूप से जानकारी दी गई। प्रदेश की विभिन्न विभूतियों का स्मरण किया गया, जिनका संविधान निर्माण में उल्लेखनीय योगदान रहा। इस मौके पर संविधान की प्रस्तावना का सामुहिक वाचन किया। इसमें शासकीय सेवकों के साथ आम नागरिकों को भी सहभागिता रही। वर्ष भर की गतिविधियों को एक डिजिटल प्लेटफार्म पर लाने के लिये वेबसाइट constitution|z.com भी तैयार की गई है। वेबसाइट में गतिविधियों की तस्वीरें और वीडियो अपलोड किये जा सकेंगे। इस अभियान में युवाओं और स्कूल के बच्चों को अधिक से अधिक जोड़ने के लिये एक अन्य वेबसाइट https://www.mygov.in: पर संविधान विषय पर निबंध, प्रश्नोत्तरी एवं पोस्टर प्रतियोगिता की तस्वीरें साझा की जा सकती हैं। वर्ष भर चलने वाले हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान जन-जागरूकता अभियान के दौरान प्रदेश की शैक्षणिक संस्थाओं में विशेष आयोजन होंगे। इस संबंध में संसदीय कार्य विभाग ने शासन के समस्त विभागाध्यक्ष, संभागीय आयुक्त और कलेक्टर्स को पत्र जारी कर निर्देश दिये है।

### जनसुनवाई में अधिकारियों ने सुनी आवेदकों की समस्याएं

**भोपाल।** कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देशन में मंगलवार को एडीएम भूपेन्द्र गोयल, अंकुर मेश्राम, डिप्टी कलेक्टर मोहम्मद इकबाल, श्रीमती निधि चौकसे, अजय शर्मा एवं अन्य अधिकारियों ने जिले से जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही कर दिया गया। जनसुनवाई में आए नागरिकों से 105 आवेदन प्राप्त हुए। एडीएम गोयल, मेश्राम ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशील रूख अपनाते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### मप्र कर्मचारी मंच का सत्याग्रह 1 दिसंबर से

**भोपाल।** वेतनमान में संशोधन, अनुकंपा नियुक्ति, तबादला सुविधा सहित 10 मांगों को लेकर स्थाईकर्मी 1 दिसंबर से सत्याग्रह शुरू कर रहे हैं। मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच की प्रांतीय समिति ने प्रदेश के सभी जिलों में जन जागरण आंदोलन करने का निर्णय लिया है। बैठक में अशोक पांडे, राजू सिंह, घनश्याम कटारे, जेम्स एंथोनी, राजा राम मोरे, लव प्रकाश पाराशर, हरि सिंह गुर्जर, सुनील पाठक, शिव प्रसाद सागुले, श्याम बिहारी सिंह, दिनेश श्रीवास्तव, श्यामलाल विश्वकर्मा, भूपेंद्र पांडे, जगदीश शर्मा, चांद सिंह, राम गोपाल सहकारिता, मदनलाल मेहरा, थावरिया भील, नन्नू लाल मालवीय आदि शामिल थे। पांडे ने बताया कि राज्य सरकार पिछले 20 साल से अनियमित, अंशकालीन कर्मचारियों एवं श्रमिकों की उपेक्षा कर रही है। बार-बार ज्ञापन देने के बावजूद 10 मांगें मंजूर नहीं की जा रही हैं।

**रेल मंत्रालय की 7,927 करोड़ रुपये लागत की 3 मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी**

## रेलवे लाईन के विस्तार से प्रदेश के नागरिकों को सुविधा और पर्यटन को मिलेगा प्रोत्साहनः मोहन

**विजय मत, भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय कैबिनेट द्वारा रेल मंत्रालय की 7 हजार 927 करोड़ रुपये लागत की 3 मल्टी ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान करने पर प्रधानमंत्री मोदी और केन्द्रीय कैबिनेट का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में रेलवे के बढ़ते नेटवर्क से प्रदेश विकास पथ पर तीव्र गति से अग्रसर है, प्रदेशवासियों के लिए आवागमन भी तीव्र गति से सुगम हुआ है। प्रदेश को मिल रही नित नई सौगातों के लिए प्रदेशवासी प्रधानमंत्री मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के आभारी हैं। उन्होंने कहा कि रेल लाइन के विस्तार से धार्मिक, सांस्कृतिक एवं इको पर्यटन को प्रोत्साहन मिलेगा। इस पहल से प्रदेश में ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग (खंडवा), खजुराहो यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल, असीरगढ़ किला और रीवा किला जैसे विभिन्न आकर्षणों तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित होगी।



### तीर्थ यात्रियों, प्रकृति प्रेमियों को मिलेगा लाभ

स्वीकृत परियोजना खंडवा और चित्रकूट जैसे 2 आकांजिलों में कनेक्टिविटी बढ़ाएगी, जिससे लगभग एक हजार 319 गांवों और लगभग 38 लाख आबादी को सेवा मिलेगी। मुंबई-प्रयागराज-वाराणसी रूट पर अतिरिक्त यात्री ट्रेनों के संचालन को सक्षम करके कनेक्टिविटी को बढ़ाएगा। नासिक (त्र्यंबकेश्वर) और वाराणसी (काशी विश्वनाथ) के ज्योतिर्लिंग के साथ प्रयागराज, चित्रकूट, गया और शिरडी जैसे धार्मिक स्थलों की यात्रा करने वाले तीर्थयात्रियों को लाभ होगा। अजंता और एलोरा गुफाएँ यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल, देवगिरी किला, यावल वन्यजीव अभयारण्य, केवटी फॉल्स और पुरवा फॉल्स आदि जैसे विभिन्न आकर्षणों तक बेहतर पहुँच के माध्यम से प्रकृति प्रेमियों और इतिहास में रूचि रखने वाले पर्यटकों को भी सुविधा होगी और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

***मध्यप्रदेश सहित महाराष्ट्र और उत्तरप्रदेश के 7 जिलें होंगे कवर...** उल्लेखनीय है कि केंद्रीय मंत्री-मंडल ने रेल मंत्रालय की 3 परियोजनाओं को मंजूरी दी, जिनकी लागत 7 हजार 927 करोड़ रुपये है। इनमें जलगांव-मनमाड चौथी लाइन (160 किमी), भुसावल-खंडवा तीसरी और चौथी लाइन (131 किमी) तथा प्रयागराज (इरादतगंज) मानिकपुर तीसरी लाइन (84 किमी) शामिल हैं। ये परियोजनाएँ 3 राज्यों अर्थात महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के 7 जिलों को कवर करेंगी।*

**रेलवे व विमान सेवा के विस्तार से खजुराहो आने वाले पर्यटकों को मिलेगी सुविधाएं**

## खजुराहो लोकसभा क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय प्रारंभ होने से छात्रों को मिलेगी बेहतर शिक्षाः वीडी शर्मा

**विजय मत, भोपाल**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव व धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात की। शर्मा ने खजुराहो से रीवा के मध्य विमान सेवा का वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।



### विमान सेवा शुरू होने से और बेहतर होगी यातायात सुविधा, बढ़ेगा रोजगार

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने नई दिल्ली से खजुराहो से रीवा के मध्य नई विमान सेवा का वर्चुअल शुभारंभ करते हुए कहा कि इस विमान सेवा के शुरू होने से खजुराहो आने वाले पर्यटकों को और बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी। पर्यटन बढ़ने से रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे और क्षेत्र का विकास भी तेजी से बढ़ेगा। भोपाल से रीवा होते हुए खजुराहो के मध्य हवाई सेवा शुरू हुई है। रीवा-खजुराहो-रीवा विमान सेवा की सौगात देने के लिए मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का खजुराहो लाकसभा क्षेत्र की जनता की ओर से हार्दिक आभार जताता हूं। इस दौरान खजुराहो में विधायक अरविन्द पटेरिया उपस्थित रहे।

### क्षेत्र के विकास के लिए केन्द्रीय मंत्रियों से की मुलाकात

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंटकर खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के कटनी जंक्शन व खजुराहो रेलवे स्टेशन पर विभिन्न विकास कार्यों और रेलमार्ग से आने वाले पर्यटकों व यात्रियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए रेल सुविधाओं के विस्तार हेतु आग्रह किया। शर्मा ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मिली ऐतिहासिक विजय पर बधाई भी दी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से भेंटकर खजुराहो लोकसभा क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय शीघ्र शुरू करने का आग्रह कर शिक्षा विभाग से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। शर्मा ने कहा कि केन्द्रीय विद्यालय प्रारंभ होने से विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा भी मिल सकेगी। इस अवसर पर प्रदेश शासन के मंत्री राव उदय प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

**कांग्रेस ने 90 बार संविधान का दुरुपयोग कर लोकतंत्र की हत्या की**

## संवैधानिक अधिकार ही नहीं कर्त्तव्यों को भी आत्मसात करेंः अजय जामवाल

**विजय मत, भोपाल**



भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में संविधान दिवस पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित किया। उन्होंने संविधान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने संविधान में जो गलतियां की थीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी धीरे-धीरे उन्हें सुधार रहे हैं और संविधान को देश के अनुकूल बनाने का प्रयास कर रहे हैं। कांग्रेस ने हमेशा संविधान को किताब माना परंतु भाजपा ने ग्रंथ मानकर सम्मान किया है। कांग्रेस ने 90 बार संविधान का दुरुपयोग कर लोकतंत्र की हत्या की है। धारा-370 और 35 ए इस देश के अनुकूल नहीं थी, मोदी जी ने संवैधानिक तरीके से उन्हें हटा दिया। महिला सशक्तीकरण की सिर्फ बातें होती थीं, लेकिन मोदी जी ने नारीशक्ति वंदन अधिनियम में 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करके उसे साकार कर दिया। हमारा देश संविधान के मार्गदर्शन में निरंतर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी जी का संकल्प है कि 2047 में जब हमारी आजादी को 100 साल पूरे होंगे, तब तक भारत एक विकसित देश बने। आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से दुनिया का नंबर-1 देश बने। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि देश में हर जगह हमारा नेतृत्व हो।

### पहले 10 दिन में 53 हजार से अधिक प्रकरणों का निराकरण

**भोपाल।** प्रदेश में लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए चलाये जा रहे राजस्व महा-अभियान 3.0 के पहले 10 दिन 53 हजार 94 राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया है। नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा और अभिलेख दुरूस्ती के 14 नवम्बर 2024 की स्थिति में समय-सीमा पर एक लाख 36 हजार 334 प्रकरणों के निराकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। महा-अभियान 15 नवम्बर से शुरू किया गया है, जो 15 दिसम्बर 2024 तक चलेगा। संयुक्त राजस्व आयुक्त ने बताया कि राजस्व महा-अभियान 3.0 में आरसीएमएस पर लंबित नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा और रिकार्ड दुरूस्ती के प्रकरणों के निराकरण एवं नक्शे में बटांकन, आरओआर आधार लिंकिंग आदि गतिविधियां संचालित की जा रही है।

## वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में पअवलोकन एवं नेचर कैम्प का आयोजन

**विजय मत, भोपाल**



मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड के सहयोग से वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल में छात्र-छात्राओं के शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वन, वन्य-प्राणियों एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। छात्र-छात्राओं को प्रकृति संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने की दृष्टि से भोपाल शहर एवं उसके आस-पास के ग्रामों के शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिये पअवलोकन एवं नेचर कैम्प आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में 26 नवम्बर 2024 को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालिका, स्टेशन भोपाल की 50 छात्राओं एवं 2 शिक्षिकाओं ने उक्त पअवलोकन एवं नेचर कैम्प में भाग लिया।

कार्यक्रम में स्रोत व्यक्ति के रूप में ए.के. खरे से.नि. उप वन संरक्षक एवं विजय नंदवंशी उपस्थित रहे। विषय-विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को पदर्शन, तितली, वन्यप्राणी दर्शन, स्थल पर विद्यमान वानिकी गतिविधियों की जानकारी, वन, वन्यप्राणी एवं पर्यावरण से संबंधित रोचक गतिविधियाँ कराई गई एवं जानकारी प्रदान कर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया गया। बाघ, तेंदुआ, भालू, मगर, घड़ियाल, चीतल, साभर, नीलगाय आदि वन्य-प्राणियों का भी अवलोकन किया एवं ट्रेल वॉक भी कराया गया।

## कांग्रेस ने प्रदेश को बीमारू बनाया, मुख्यमंत्री स्वर्णिम प्रदेश बनाने के लिए विदेश गएः भगवानदास सबनानी

**विजय मत, भोपाल**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी ने कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की पत्रकार-वार्ता पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के किसान विरोधी चरित्र के लिए जीतू पटवारी को 15 दिन का प्रायश्चित करना चाहिए। कांग्रेस का मूल चरित्र ही किसान और विकास विरोधी है। जीतू पटवारी को याद होना चाहिए, कि विकास की राह पर तेजी से बढ़ रहे जिस मध्यप्रदेश को लेकर वे अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं, उस प्रदेश को तो उनकी कांग्रेस सरकार ने बीमारू राज्य बना दिया था। सुर्खियों में आने और प्रासंगिक बने रहने के साथ अपने नाकारा नेतृत्व को छिपाने के लिए जीतू पटवारी इस तरह का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं।




जब-जब किसानों के हितों में निर्णय लिए गए हैं, भाजपा सरकारों ने ही लिया है। मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ने किसानों को जीरो प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराने के साथ सिंचाई का रकबा बढ़ाकर सिंचाई के लिए 24 घंटे बिजली उपलब्ध करा रही है।

भाजपा प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि किसानों को लेकर घड़ियाली आंसू बहाने वाले जीतू पटवारी और उनके पार्टी के नेताओं को यह पता होना चाहिए कि दिग्विजय सिंह के शासनकाल में बैतूल जिले के मुलताई में खाद की मांग करने वाले निहत्थे किसानों को गोलियों से भून दिया गया था। दिग्विजय सिंह हों या किसान कर्जमाफी के नाम पर किसानों से धोखाधड़ी करने वाले कमलनाथ, जब भी कांग्रेस सत्ता में आई है किसानों के साथ धोखा ही किया है। मध्यप्रदेश ही नहीं, देश के जिन-जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकारें हैं या रही हैं, वहां का किसान बदहाली में रहा और आत्महत्या करने को मजबूर हुआ। मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार में किसान पूरी तरह से खुशहाल हैं और भाजपा सरकार खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

### पीएम जन-मन में मध्यप्रदेश को मिले 33 हजार 138 पीएम आवास

**भोपाल।** केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा मध्यप्रदेश को प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जन-मन) में 33 हजार 138 आवास मंजूर किये गये हैं। पीएम जन-मन के तहत ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा विशेष रूप से कमजोर एवं पिछड़े जनजातीय समूह (पीवीटीजी) परिवारों के पक्के घर बनाये जा रहे हैं। मंत्रालय द्वारा प्रदेश के 21 जिलों में रहने वाले पीवीटीजी परिवारों को पक्के घर की सौगात देते हुए यह विशेष मंजूरी दी गई है। जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने मध्यप्रदेश को बड़ी संख्या में पीएम आवास मंजूर करने के लिये केन्द्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया है।

**भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला-2024**

### मप्र मण्डप को मिलेगा अवॉर्ड, प्रदेश के जीआई एवं ओडीओपी उत्पादों की हो रही है बिक्री

**विजय मत, भोपाल**




नई दिल्ली में भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला-2024 के आयोजन के 13वें दिन मेले में जहाँ एक ओर खरीददार देश एवं विदेश के उत्पादों की खरीदी कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर मेले में प्रदेश के हस्तशिल्पी, कारीगर एवं एमएसएमई इकाइयाँ अपने उत्पादों का विक्रय कर रहे हैं। मण्डप में आगंतुक जीआई एवं ओडीओपी उत्पादों की जमकर खरीदी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 4 विकास मिशन, जो एक जनवरी, 2025 को प्रारंभ किये जाने हैं, मध्यप्रदेश मण्डप में प्रदर्शित किये गये हैं।

मध्यप्रदेश मण्डप की थीम विकसित भारत-2047'' के आधार पर निर्मित की गयी है। इसमें प्रदेश के प्राचीन, सांस्कृतिक गौरव, पर्यटन के साथ तेजी से बढ़ते मध्यप्रदेश की झलक दिख रही है। दर्शक उत्साह से प्रत्येक उत्पाद के प्रदर्शन एवं प्रदेश के पर्यटन स्थलों की जानकारी ले रहे हैं।

**खास-खबर** **शुरूआत में पहले यात्रियों को सौंपें बोर्डिंग पास**

## उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने भोपाल से रीवा के बीच फ्लाई बिग फ्लाइट सेवा टिकट काउंटर का किया उद्घाटन

**विजय मत, भोपाल**

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि रीवा एयरपोर्ट से भोपाल की सीधी कनेक्टिविटी विंध्य क्षेत्र के व्यापार, पर्यटन और उद्योग को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। यह सेवा क्षेत्र के नागरिकों के लिए समय की बचत के साथ-साथ सुविधाजनक यात्रा का माध्यम बनेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए कहा कि यह सरकार प्रदेश के हर क्षेत्र को प्रगति और विकास से जोड़ने के लिए सतत प्रयासरत है। विंध्य क्षेत्र को हवाई कनेक्टिविटी प्रदान करना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।




उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि यह हवाई सेवा रीवा को राज्य और देश के अन्य प्रमुख शहरों से जोड़ने की एक महत्वपूर्ण कड़ी होगी। इससे व्यापार और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, साथ ही यह क्षेत्र के सांस्कृतिक और प्राकृतिक सौंदर्य को देश और विदेश के पर्यटकों तक पहुंचाने में भी सहायक होगी। उप मुख्यमंत्री ने भोपाल के राजा भोज अंतरराष्ट्रीय विमानतल पर ÷फ्लाई बिग÷ कंपनी के टिकट काउंटर का उद्घाटन किया। उन्होंने भोपाल से रीवा एयरपोर्ट की पहली फ्लाइट सेवा की शुरुआत करते हुए यात्रियों को बोर्डिंग पास सौंपे गए। भोपाल सांसद आलोक शर्मा, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण भोपाल के निदेशक रामजी अवस्थी, ÷फ्लाई बिग÷ कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। इस ऐतिहासिक पहल का हिस्सा बनते हुए यात्रियों ने अपनी खुशी और उत्साह व्यक्त किया।

एयरपोर्ट निदेशक अवस्थी ने बताया कि रीवा और भोपाल के बीच निर्धारित उड़ान सेवाएं (शेड्यूअल्ड फ्लाइट सर्विस) मंगलवार से शुरू हो गई हैं, जो क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को एक नई दिशा प्रदान करेंगी। कुछ सीटें 999 रुपये में उड़ान योजना अन्तर्गत आरक्षित हैं, जबकि शेष सीटों की कीमतें डायनेमिक प्रॉइसिंग मॉडल के तहत तय की जाएंगी। यह पहल अधिकतम लोगों को सस्ती और सुविधाजनक हवाई यात्रा का लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है।

## देश के तेजी से विकास के लिए एकजुटता जरूरीः लोकमणि घिमिरे

**विजय मत, भोपाल**

पशुपतिनाथ नेपाली समाज के अध्यक्ष लोकमणि घिमिरे ने संविधान दिवस पर भोपाल के गांधी चिकित्सा महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया। प्रस्तावना का पाठ करने के पश्चात घिमिरे ने कहा कि हमें संविधान ने संवैधानिक अधिकारों के साथ कर्तव्यों का पालन भी करना है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गांधी मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. कविता एन सिंह ने संविधान दिवस की शुभकामनाएं दीं।




नेपाली समाज के अध्यक्ष लोकमणि घिमिरे ने संविधान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारा देश संविधान के मार्गदर्शन में निरंतर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी जी का संकल्प है कि 2047 में जब हमारी आजादी को 100 साल पूरे होंगे, तब तक भारत एक विकसित देश बने। आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से दुनिया का नंबर-1 देश बने। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि देश में हर जगह हमारा नेतृत्व हो। आज संविधान दिवस पर हम सभी इसके लिए काम करने का संकल्प लें और संवैधानिक अधिकार ही नहीं कर्त्तव्यों को भी आत्मसात करें। देश तेजी से आगे बढ़े, इसके लिए एकजुटता जरूरी है। इसलिए पार्टी कार्यकर्ता संविधान की मूल भावना को समझें और उसे समाज के प्रत्येक वर्ग तक प्रसारित करें। इस दौरान गांधी मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर, नर्स एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा जेयन ऑफसेट वर्क्स, 119 इनारा हाऊस रायसेन रोड भोपाल-462023 म.प्र. से मुद्रित एवं ई.एम.एस. 21 इंडस टाउन, होशंगाबाद रोड, मिसरोद, भोपाल म.प्र. से प्रकाशित, संपादक-सीता शुक्ला, प्रधान संपादक- विजय शुक्ला मो.-8889977997
आर.एन.आई.-पंजीयन नंबर MPHIN/2015/66998, (*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा। Email-vijaymat.bhopal@gmail.com